सूर्योदय 5:50 सूर्यास्त 6:54
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 35.2
न्यूनतम 24.8

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र
पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79)
डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-19/2019-21
मूल्य 1/-

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in
सम्पर्क सूत्र: (कार्यालय) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-229 | शुक्रवार 20 अगस्त, 2021 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

एक अजीब सी दौड़ है ये जिंदगी
जीत जाओ तो कई अपने पीछे
छूट जाते हैं और हार जाओ तो
अपने ही पीछे छोड़ जाते हैं।

यह मुज़फ़्फ़रनगर है

दिल्ली में थूकना महंगा पड़ेगा...एक हज़ार से ज़्यादा चालान किये गए : नयी दिल्ली

चालान तो ठीक है, मगर चालान का भुगतान....

गुलजार हुए राखी के बाजार, गिफ्ट खरीदने को भाई भी तैयार

मुजफ्फरनगर, १९ अगस्त (बु.)। तीन दिन बाद रविवार को भाई–बहन का बड़ा पर्व रक्षाबंधन है। ऐसे में यूं तो राखियों का बाजार बहुत दिन पहले सज चुका था, मगर बाजार को गुलजार होते अब देखा जा रहा है। बहने अपने भाइयों के लिए सुंदर–सुंदर राखियां खरीदने के लिए बाजारों में देखी जा रही हैं। चाइनों की राखियों का बाजार तो कब का खत्म हो चुका है। दुकानदारों की मानें तो अब हिन्दुस्तान के अंदर ही एक से एक सुंदर राखियां बन रही हैं, जिनमें बॉम्बे और कलकत्ता की राखियां ग्राहकों को बेहद पसंद आ रही हैं। उक्त राखियों की कीमत ५० रुपये से शुरू होकर २०० रुपये तक बताई गयी है। इसके अलावा नम्बर–१ पर रहने वाली एडी (अमेरिकी डायमंड) की राखियां बेहद पसंद की जाती हैं मगर उक्त राखियों की आमतौर पर शुरूआत ४००–५०० रुपये से होकर १०००–१२०० रुपये तक है, इसलिए हरेक आदमी की पहुंच से यह राखियां बाहर ही रहती हैं। राखी दुकानदारों की मानें तो इस बार इतनी सुंदर राखियां बाजार में उतरी हैं कि राखियों ने सिर्फ ग्राहकों ही नहीं दुकानदारों का भी मन मोह लिया। उनका मानना है कि पिछले वर्ष कोरोना काल के चलते राखियों का जो पुराना स्टॉक था वही बेचा गया था इस बार पूरा का पूरा स्टॉक ताजा व नया बाजारों में उतरा है इसलिए नई–नई राखियां ग्राहकों व दुकानदारों को देखने को मिली हैं। राखियों के अतिरिक्त भाई भी बहनों के लिए गिफ्ट की खरीदारी करते दिख रहे हैं। कोई बहनों के लिए सूट तो कोई साड़ी तो कोई अन्य उपहार खरीदता देखा जा रहा है। गिफ्ट सैंटरों के दुकानदारों की मानें तो बहनों की खरीदारी के लिए भाई भी कुछ कम नहीं दिखाई दे रहे। कोई भाई अपनी बहन के लिए पर्स तो कोई स्मार्ट वॉच खरीदने के लिए दुकानों पर आ रहे हैं। कोई गिफ्ट में फोटो फ्रेम तो कोई अन्य सामान उपहार के रूप में बहनों के लिए खरीदता देखा जा रहा है। कुल मिलाकर रक्षाबंधन के पर्व पर एक ओर जहां राखियों का बाजार सज चुका है, वहीं दूसरी ओर गिफ्ट के बाजार भी गुलजार हो चुके हैं, जिससे दुकानदारों के चेहरों पर रौनक दिख रही है। आपको बताते चलें कि पहले कोरोना काल में प्रत्येक त्यौहार फीका फीका सा नजर आया था, मगर कोरोना की दूसरी लहर का दंश झेलने के बाद अब बाजारों में कुछ चहल–चहल दिख रही है, क्योंकि एकाएक कोरोना का साया अब कम हो चला है और देश में कोरोना के मामलों में भी कमी आई है। कोरोना संक्रमण कम होने के कारण बाजारों में लोग व्यापार करते दिख रहे हैं और बाजारों की रौनक धीरे–धीरे बढ़ती जा रही है। बढ़ती बाजारों की रौनक से व्यापार में चार चांद लगने की सम्भावनाएं जागृत हो रही हैं, क्योंकि एक वर्ष बाद व्यापारी कुछ नई खरीदारी करते दिख रहे हैं। क्योंकि पिछले कोरोना काल के भय से व्यापारियों ने पिछले वर्ष जो उनके पास स्टॉक था सिर्फ वही समाप्त किया था अबकी बार कोरोना समाप्त हो जाने के बाद त्यौहार आए हैं, इसलिए व्यापारी नई–नई खरीदारी करके ग्राहकों को नए–नए सामानों की सौगात दे रहे हैं। ऐसे में रक्षाबंधन के त्यौहार पर बाजारों में धूम मचने की सम्भावनाएं जताई जा रही हैं।

रक्षाबंधन पर्व के लिए अपने भाईयों के लिए खूबसूरत राखियां पसंद करती बहनें । फोटो बुलेटिन

सतेन्द्र बालियान का नया धमाका, पूर्व मुख्यमंत्री के समक्ष समाजवादी पार्टी की सदस्यता की ग्रहण

मुजफ्फरनगर, १९ अगस्त (बु.)। जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में बड़ी खलबली मचाने के बाद अब भाजपा के सांसद संजीव बालियान के भाई सतेन्द्र बालियान ने गुरूवार को एक और बड़ा धमाका कर डाला। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के समक्ष पहुंचकर उन्होंने सपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करते समय कैराना के पूर्व विधायक नाहिद हसन व पूर्व सांसद तबस्सुम हसन उनके साथ मौजूद रहे।

ज्ञात रहे कि हाल ही में हुए जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में सतेन्द्र बालियान ने भाजपा खेमे में खलबली मचा दी थी, क्योंकि सतेन्द्र बालियान सांसद संजीव बालियान के भाई हैं, इस नाते जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव से पूर्व कयास लगाए जा रहे थे कि सतेन्द्र बालियान किसी भी सूरत में संजीव बालियान से मुखर नहीं हो सकते मगर सतेन्द्र बालियान ने भाईचारा अपनी जगह और राजनीतिक लाभ अपनी जगह की बात कहते हुए संजीव बालियान से किनारा कर लिया था और विपक्षी खेमे के सरदार बन बैठे थे। यह बात अलग है कि सत्ताधारियों ने अपनी रणनीति के तहत सतेन्द्र बालियान के खेमे को चारो खाने चित्त कर दिया था, मगर अब सपा में शामिल होने के बाद सतेन्द्र एक बार फिर कोई न कोई बड़ा गुल जरूर खिलाएंगे। राजनीतिक आंकड़ों की बात करें तो इतने बड़े ओहदे पर पहुंचने के बाद यदि सतेन्द्र बालियान को सपा में शामिल किया गया है तो उन्हें हर हाल में जनपद में विधानसभा की किसी न किसी सीट से चुनाव लड़वाने की तैयारी भी कराई जाएगी। बस देखना यह होगा कि पार्टी ने सतेन्द्र बालियान के लिए कौन सी चुनौतीपूर्ण सीट तय की है। कुल मिलाकर गुरूवार को संजीव बालियान के भाई सतेन्द्र बालियान के सपा में जाने से जनपद में विधानसभा की किसी एक सीट पर नए समीकरण उभरकर हर हाल में आएंगे जोकि भाजपा प्रत्याशी के प्रभावित करते दिखाई देंगे। बस देखना यह होगा कि सपा आखिर कौन सी सीट से सतेन्द्र बालियान को प्रत्याशी बनाकर उतारने की तैयारी करेगी। माना तो यही जा रहा है कि सतेन्द्र बालियान को जाट बाहुल्य क्षेत्र से ही टिकट दिया जायेगा।

ड्यूटी पर सफाईकर्मी की हार्ट अटैक से मौत

❑कर्मचारी संघ ने अफसरों पर लगाए उत्पीड़न करने के आरोप
❑अधिकारी बोले: कोई दबाव नहीं, मौत एक हादसा मात्र
❑संविदा सफाईकर्मी की मौत के बाद में पालिका में अवकाश

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। नगरीय क्षेत्र की बेपटरी सफाई व्यवस्था को दुरूस्त किए जाने के लिए प्रशासन द्वारा 50 वार्डों में की गई व्यवस्था का उस वक्त विरोध हंगामे व आरोपों में बदल गया, जब एक वार्ड में सफाई ड्यूटी कर रहे संविदा कर्मी की अचानक मौत हो गई। सफाई कर्मचारी संघ ने कर्मी की मौत के बाद आक्रोश व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा कर्मचारियों पर दबाव बनाकर भय का वातावरण पैदा किया जा रहा है, उससे सफाईकर्मी बड़े तनाव में है। कर्मचारी की मौत होने पर नगरपालिका में संघ नेता की अधिकारियों से तीखी बहस हुई। शोक सभा के बाद पालिका में अवकाश कर दिया गया।

बता दें, नगर विकास मंत्री के दौरे में मिली खामी और उनके द्वारा जताए गए असंतोष के बाद पालिका और प्रशासन डीएम के निर्देश पर अलर्ट मोड़ पर है। ऐसे में बेपटरी सफाई व्यवस्था को सुधारने की कवायदों के बीच एडीएम प्रशासन अमित सिंह को नोडल अधिकारी बनाने के साथ 50 वार्डों को 16 जोन में बांटते हुए सफाई व्यवस्था की निगरानी को 16 अफसरों की ड्यूटी लगा दी है। वहीं वार्डों में सफाईकर्मियों की समान तैनाती करते हुए हर वार्ड में 13-13 कर्मचारी लगाए गये हैं, जिसे लेकर विरोध बढ़ता जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर बीते दिवस सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष चमनलाल ढिंगान और महामंत्री अरविन्द मचल की ओर से पालिका में प्रदर्शन करते हुए प्रशासन को नोटिस के माध्यम से हड़ताल की चेतावनी दी गई है। इस मुद्दे पर गुरूवार को उस वक्त नया बखेड़ा खड़ा हो गया, जब ड्यूटी के दौरान सफाईकर्मी की आकस्मिक मौत हो गई। वार्ड 14 लद्दावाला तृतीय में बुधवार को सफाई नायक विकास कुमार सफाई कार्य शुरू करा रहे थे। विकास कुमार वहां से अपने दूसरे वार्ड 4 में चले गए। इस बीच मौहल्ला लद्दावाला में संविदाकर्मी विकास कुमार पुत्र अमर सिंह रामलीला टिल्ला अचानक ही गश खाकर गिर पड़ा। कर्मी के गली में गिरने पर साथी कर्मचारियों व अन्य लोगों ने उठाया और इस घटना की सूचना सफाई नायक को दी। इसके बाद कर्मचारी को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सफाई नायक ने बताया कि वार्ड में सुबह सफाई कार्य कराया जा रहा था। मृतक विकास का छोटा भाई अमृत कुमार भी उनके साथ सफाई कार्य में लगा हुआ था। परिजन विकास को अस्पताल ले गए, तब तक वह होश में था। उसने बताया कि मृत कर्मी विकास को दौरे पड़ने की पूर्व से बीमारी थी। कई बार पहले उसको दौरे पड़े थे। बीमार रहने के दौरान उसकी पत्नी उसके साथ ड्यूटी पर आती थी। पिछले कुछ दिनों से वह ठीक था और अकेला ही ड्यूटी पर आता था। आज भी ड्यूटी पर उसको दौरा पड़ा था। चिकित्सकों का कहना है कि विकास की मौत अचानक हार्ट फेलियर से हुई है। उधर, संविदा सफाईकर्मी की एकाएक मौत की सूचना मिलने पर सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष चमनलाल ढिंगान पालिका पहुंचे और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार से मिलकर घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए रोष जताया। उनका आरोप है कि पालिका में बिना बजह ही सफाई कार्य के लिए पैनिक फैलाया जा रहा है। कर्मचारी नए आदेशों के कारण तनाव में है। उनका आरोप है कि विकास की आज तबियत खराब थी फिर भी वह ड्यूटी पर आया और उसके साथ हादसा हो गया। उन्होंने कहा कि इस मामले को संघ प्रशासनिक अधिकारियों के सामने उठायेगा। इसके बाद संघ की ओर से दी सूचना पर पालिका में शोकसभा कर दिवंगत

शेष : पृष्ठ ४ पर

शाहपुर के गांव बसी में प्रधानी की रंजिश में घायल युवक की मौत, तनाव व्याप्त

❑ग्रामीणों ने किया जाम लगाने का प्रयास ❑आरआरएफ एवं भारी पुलिस फोर्स की तैनाती में हुआ सुपुर्द–ए–खाक ❑कुरैशी बिरादरी के दो पक्षों में हो गया था टकराव ❑घटना के बाद से फरार है प्रधानपति

शाहपुर, १९ अगस्त (बु.)। क्षेत्र के गांव बसीकलां में तीन माह पूर्व चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था, जिसमे जमकर पथराव व फायरिंग हुई थी। घटना में ३२ वर्षीय शहजाद कुरैशी पुत्र अनवार कुरैशी गोली लगने से गम्भीर घायल हो गया था। घटना के सम्बंध में घायल शहजाद के भाई फरमान ने गांव के छह लोगों को नामजद करते हुए चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमे पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि प्रधानपति साबू व बाल्ला फरार चल रहे हैं। गुरुवार को घायल शहजाद की उपचार के दौरान मौत हो गई। उसकी मौत का समाचार गांव में पहुंचा, तो परिजनों में कोहराम मच गया। दोपहर उसका शव गांव में पहुंचा, तो परिजनों व ग्रामीणों ने शव को एम्बुलेंस से नहीं उतारा और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने के साथ जाम लगाकर प्रदर्शन करने लगे। मृतक के भाई फरमान ने आरोप लगाया कि पुलिस को उसके घायल भाई ने अज्ञात चार लोगों के नाम भी बताए थे, किंतु पुलिस ने उन्हें नामजद नहीं किया। सूचना पर पहुंचे सीओ बुढ़ाना विनय गौतम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि सभी फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सीओ बुढ़ाना के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए और प्रदर्शन समाप्त कर दिया। मौके पर शाहपुर पुलिस के अलावा बुढ़ाना पुलिस व आरआरएफ मौजूद रहा। बताते चलें कि उक्त घटना ग्राम पंचायत चुनाव की मतगणना के बाद विगत १७ मई की है, जिसमें प्रधान पति समेत कुल ६ लोगों को नामजद एवं चार अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था। पुलिस चार आरोपियों को जेल भेज चुकी है, जबकि प्रधान पति एवं उसका भाई फरार है। सूत्रों के अनुसार मृतक युवक ने बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में घायल अवस्था में पुलिस को दिए अपने बयान में चार अन्य अज्ञात लोगों के भी घटना में शामिल होने की बात कही थी।

शाहपुर क्षेत्र के गांव बसी कलां में प्रधानी की रंजिश में मारे गए युवक के शव को दफनाने के दौरान मौजूद भारी पुलिसबल एवं उपस्थित सैंकड़ों ग्रामीण।

युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। एक युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। शहर कोतवाली क्षेत्र के रोहाना कलां स्टेशन के पास बृहस्पतिवार सुबह रेलवे ट्रैक पर युवक का शव पड़ा मिला। शव का धड़ रेलवे ट्रैक के बीच में पड़ा था, जबकि कटा सिर एक ओर था। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव के कपड़ों की तलाशी ली, तो जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त चरथावल क्षेत्र के गांव मथुरा निवासी 22 वर्षीय अरविंद के रूप में हुई। घटना की जानकारी मिलने पर उसके परिजन मौके पर पहुंचे, जिन्होंने बताया कि अरविंद गृहक्लेश के चलते नाराज होकर घर से निकला था। परिजनों ने घटना के सम्बंध में किसी भी तरह की पुलिस कार्रवाई से इंकार किया, जिस पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद पीड़ित परिजन शव लेकर घर लौट गए, जहां उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

कब्रिस्तान में युवक की गर्दन रेतकर नृशंस हत्या

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव फुलत में एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार फुलत निवासी 20 वर्षय फारुख बृहस्पतिवार सुबह गांव के ही कब्रिस्तान में लकड़ियां एकत्रित करने गया था। जब वह दोपहर तक भी खाना खाने के लिए घर नहीं लौटा, तो परिजन उसे देखने कब्रिस्तान पहुंचे। वहां फारुख का खून से लथपथ शव पड़ा देख उनके होश उड़ गए। युवक की गर्दन काटकर हत्या की गई थी। इसके साथ ही उसके शरीर पर कई अन्य जगह भी गहरे घाव थे। सूचना पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू की, तो इसी दौरान फुलत के पूर्व प्रधान अनवर ने बताया कि उन्होंने गांव के ही मोहर्रम उर्फ भूरा को खून सने कपड़ों में कब्रिस्तान से गांव की ओर जाते देखा था। पूर्व प्रधान के अनुसार, जब उसने मोहर्रम को रोककर उससे कपड़ों पर लगे खून के बारे में पूछा, तो उसने कुछ नहीं बताया और भाग गया। इस पर एक पुलिस टीम आरोपी मोहर्रम उर्फ भूरा के घर भेजी गई, लेकिन वहां आरोपी के साथ ही उसके परिजन भी घर से फरार मिले। उसके घर पर ताला लटका हुआ मिला। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलने पर एसपी देहात अतुल श्रीवास्तव ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर हत्या के सम्बंध में जानकारी ली। फारुख के भाई नूरदीन ने आरोपी मोहर्रम उर्फ भूरा के खिलाफ ही हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। परिजन हत्या के कारणों के सम्बंध में कुछ नहीं बता पा रहे हैं।

लूट के दो आरोपियों को तीन वर्ष सात माह कैद की सजा

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। अदालत ने लूट के आरोपी दो अभियुक्तों को कैद व जुर्माने की सजा सुनाई है। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने 25 दिसंबर 2017 को वाहन चेकिंग के दौरान दो युवकों को संदिग्ध बाइक के साथ हिरासत में लिया था। जांच में उक्त बाइक चोरी की पाई गई थी, जिसका चेसिस बदलकर फर्जी कागजात बनाकर उसे चलाया जा रहा था। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक लूटा गया मोबाइल भी बरामद किया था, जिसे उन्होंने सुरेंद्रनगर से लूटा था। पुलिस ने दोनों आरोपियों अमर व अंकुर कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया था। मामले की सुनवाई एसीजेएम-प्रथम कोर्ट में न्यायाधीश प्रशांत कुमार के समक्ष हुई। अभियोजन की ओर से अभियोजक अधिकारी रामअवतार सिंह ने पैरवी करते हुए आरोपियों के खिलाफ पुख्ता साक्ष्य कोर्ट में प्रस्तुत किए। इनके आधार पर बृहस्पतिवार को न्यायाधीश ने दोनों आरोपियों को तीन वर्ष सात माह की सजा व चार-चार सौ रुपये जुर्माने की भी सजा सुनाई है।

कोरोनाकाल में दमदार राज्य बनकर उभरा यूपी : योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, 19 अगस्त (वार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को कहा कि वैश्विक महामारी के बीच अपनी नीति, नीयत और नियोजन से उत्तर प्रदेश वैश्विक पटल पर दमदार राज्य के तौर पर उभर कर सामने आया है। विधानसभा के मानसून सत्र को संबोधित करते हुये श्री योगी ने कोरोना योद्धाओं और फ्रंट लाइन वर्करों की भूमिका की सराहना करते हुये कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश ने महामारी के बीच जिस तरह एक-एक नागरिक के जीवन और जीविका की सुरक्षा सुनिश्चित की, उसने इस राज्य को देश दुनिया के सामने एक मिसाल के तौर पर पेश किया है। अमेरिका और इंग्लैंड जैसे साधन-संपन्न राष्ट्र हों अथवा भारत में सर्वाधिक साधन संपन्न माना जाने वाला महाराष्ट्र या सर्वाधिक शिक्षित प्रदेश का तमगा रखने वाला केरल उत्तर प्रदेश में कोरोना की स्थिति इन सबसे कहीं बेहतर है। निगरानी समिति और ऑक्सीजन ऑडिट जैसे हमारे मॉडल सर्वत्र सराहे गए हैं। उन्होने कहा कि बीते 70 साल में हुए यूपी के विकास के दावे की पोल इस महामारी काल में खुल गई। कोरोना आया तो हमारे पास टेस्टिंग के लिए एक लैब तक न थी। पुणे की वायरोलॉजी लैब में टेस्टिंग करानी पड़ी, लेकिन यह सरकार की प्रतिबद्ध कार्यशैली का नतीजा है कि आज हमारी क्षमता चार लाख टेस्ट हर दिन करने की हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताते हुए योगी ने कहा कि कोरोना काल में यूपी के हर एक व्यक्ति के जीवन और जीविका की सुरक्षा की गई। 119 चीनी मिलों का संचालन होता रहा, उद्योग-धंधे चलते रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड का पहला दौर हो या दूसरा, 15 करोड़ से अधिक लोगों के लिए राशन की व्यवस्था हुई। यही नहीं, कोरोना के कारण निराश्रित हुए बच्चे हों या महिलाएं, सभी के सुखमय जीवन के लिए सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए योगी ने कहा आज दुनिया के तमाम संस्थान यूपी मॉडल की सराहना कर रहे हैं, विपक्ष को इस पर गर्व करना चाहिए।

१० व १२वीं बोर्ड की छात्राओं को अंक सुधारने का दिया मौका

जानसठ, १६ अगस्त (बु.)। गोमती कन्या इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल ज्योति बाला ने ज्यादा जानकारी देते हुए कहा कि कॉलेज की छात्राओं, जो कक्षा १० एवं १२वीं के बोर्ड परीक्षा फल २०२१ से असंतुष्ट हैं और वह अपने परीक्षाफल में अंक सुधार करना चाहती हैं। वह विद्यालय से संपर्क स्थापित कर अपने बोर्ड परीक्षा २०२१ हेतु आवेदन प्राप्त भरकर दिनांक २५–८–२०२१ तक आवश्यक रूप से जमा कराएं, ताकि इन छात्राओं का परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित न रह जाएं। परीक्षाएं १८–९–२०२१ से ६–१०–२०२१ तक चलेंगी।

लायन्स क्लब संस्कार ने मनाया द्वितीय अधिष्ठापन समारोह

खतौली, १६ अगस्त (बु.)। लायन्स क्लब संस्कार खतौली के द्वितीय अधिष्ठापन समारोह में नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गयी। मिली जानकारी के अनुसार जानसठ रोड स्थित श्रीराम गार्डन में लायन्स क्लब संस्कार के अधिष्ठापन समारोह में मुख्य अतिथि लायन डॉ. गौरव गर्ग (मसूरी) ने कहा कि लायन्स क्लब द्वारा परम्परागत चल रहे सेवा कार्यो से इस बदलते परिवेश में हमें ऐसी नये सेवा कार्यक्रमों पर काम करना है, ताकि उनका लाभ गरीबों, निर्बल, असहायों को अधिकतम रूप से मिल सके तभी लायन्स क्लब का मुख्य उद्देश्य सार्थक होगा। क्लब के पूर्व मण्डलाध्यक्ष लायन कुंज बिहारी अग्रवाल वर्तमान परिवेश में इन्टरनेट की बढ़ते चलन के प्रति अभिभावकों को सजग करते हुए अपने बच्चों पर निगरानी बनाये रखने पर बल दिया। कार्यक्रम में लायन आलोक भटनागर, लायन विनय मित्तल आदि अतिथियों ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर लायन अरविन्द संगल शामली द्वारा संगीतमयी प्रस्तुति के साथ खतौली लायन्स क्लब संस्कार के नवनियुक्त अध्यक्ष जसवीर राणा, सचिव दिनेश सहगल तथा कोषाध्यक्ष गुरमीत सिंह की कार्यकारणी को शपथ दिलाई गयी। इस दौरान नव मनोनित अध्यक्ष जसवीर राणा ने नवनियुक्त कार्यकारिणी व क्लब के वरिष्ठ सदस्यों के सहयोग से पूर्ण निष्ठापूर्वक सेवा कार्यो को करने का आश्वासन देते हुए सेवा कार्यों में सभी के सहयोग की कामना की। प्रीति राणा व पूजा वर्मा के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में संजय संगल, जय प्रकाश गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह चौधरी, डॉ. प्रदीप, अनिल वर्मा, राहुल जैन आदि सहित नगर व अन्य जनपदों के लायन्स मौजूद थे। अंत में क्लब की ओर से अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंटकर उनका अभिनन्दन किया गया।

लखनऊ में ओलंपियन सम्मान समारोह में खिलाड़ियों से भेंट करते मंत्री कपिल देव अग्रवाल। –फोटो बुलेटिन

चपरासी की हत्या के खुलासे व आर्थिक सहायता दिलाने की मांग

शामली, 19 अगस्त (बु.)। गठवाला खाप के थांबेदार चौधरी श्याम सिंह गांव बहावड़ी ने 3 दिन पूर्व गांव बहावड़ी निवासी चपरासी की गोली मारकर हत्या के मामले में जिलाधिकारी से परिजनों को आर्थिक सहायता एवं मामले का खुलासा जल्द किए जाने की मांग की है। पुलिस द्वारा उक्त मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा घटना के दिन ही दर्ज कर लिया गया था। कोतवाली के गांव बहावड़ी निवासी अमित कुमार (28) पुत्र गोपाल उर्फ नाची नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चपरासी था। गत् 17 अगस्त को अमित मोटरसाइकिल पर ड्यूटी के लिए शामली आ रहा था, रास्ते में अज्ञात बदमाश द्वारा उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसका शव मेरठ-करनाल हाईवे स्थित काबड़ौत नदी पुल के पास मिला था, जिसमें कोतवाली पुलिस द्वारा भी अज्ञात हत्यारे के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था, लेकिन घटना को तीन दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक पुलिस को इस मामले में कोई सफलता नहीं मिली है। गुरूवार को गठवाला खाप के थाम्बेदार श्यामसिंह मलिक गांव बहावड़ी के करीब आधा दर्जन लोगों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने जिलाधिकारी से मुलाकात की। उन्होंने उक्त मामले का खुलासा जल्द किए जाने एवं मृतक चपरासी के परिवार को आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है।

मंत्री कपिल देव ने ओलंपियन सम्मान समारोह में पहुंचे खिलाड़ियों से भेंटकर उनका हालचाल जाना

लखनऊ, १६ अगस्त (बुस)। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने ओलंपियन सम्मान समारोह में पहुंचे खिलाड़ियों से भेंट कर, उनका हालचाल जाना और उत्साहवर्धन किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में आयोजित ओलंपियन सम्मान समारोह में विभिन्न खेलों से संबंधित खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने और देश को गौरवान्वित करने वाले ओलंपिक खिलाड़ियों से प्रेरणा लेने हेतु प्रदेश भर के १०,००० खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। इसी क्रम में जनपद मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर व गाजियाबाद से भी खिलाड़ी लखनऊ पहुंचे। मुजफ्फरनगर विधानसभा सीट से विधायक एवं प्रदेश सरकार में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इन खिलाड़ियों से मुलाकात की व उनका हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित और अन्य खिलाड़ियों को प्रेरित कर रहे हैं। इसीलिए यह सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के माध्यम से दुनिया के विभिन्न देशों के खिलाड़ियों को अनुशासन, धैर्य, धीरज, साहस आदि प्राप्त करने का अवसर मिलता है। साथ ही साथ देशों के बीच मित्रता, भाईचारे और अच्छे संबंधों की अवधारणा का एहसास होता है। मंत्री कपिल देव से मिलकर सभी खिलाड़ी खुश व उत्साहित नजर आये।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली, 19 अगस्त (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 20 अगस्त की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं: 1828- राजा राम मोहन रॉय के ब्रह्म समाज का पहला सत्र कलकत्ता (अब कोलकाता) में आयोजित। 1897- रोनाल्ड रॉस ने कलकत्ता (अब कोलकाता) के प्रेसिडेंसी जनरल हॉस्पिटल में काम करने के दौरान मलेरिया के कारक एनोफिलीज मच्छर की पहचान की। 1913- फ्रांस के एडोल्फ पेगोड पैराशूट के जरिए विमान से उतरने वाले पहले पायलट बने। 1921- केरल के मालाबार में मोपला विद्रोह की शुरुआत। 1944- राजीव गांधी का जन्म। वह देश के नौवें प्रधानमंत्री बने। 1955- मोरक्को और अल्जीरिया में फ्रांस-विरोधी दंगों में सैकड़ों लोग मारे गए। 1979- तत्कालीन प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिह ने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के 23 दिन बाद इस्तीफा दिया। 1988- पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल जिया उल हक का हवाई दुर्घटना में निधन और सीनेट के सभापति गुलाम इशहाक खान राष्ट्रपति बने। 1988- भारत और नेपाल में 6.5 की तीव्रता वाले भूकंप से एक हजार लोगों की मौत हुई। 1991- उत्तरी यूरोपीय देश इस्तोनिया ने तत्कालीन सोवियत संघ से अलग होने की घोषणा की। 2002- फलस्तीनी छापामार नेता अबू निदाल मृत पाया गया। 2011-भारत के प्रसिद्ध इतिहासकार राम शरण शर्मा की मृत्यु हुई। 2018- अफगान बलों ने उत्तरी कुंदूज प्रांत में एक अभियान चलाकर तालिबान द्वारा कुछ घंटों पहले अगवा किए गए 149 लोगों के छुड़ाया।

थाने पहुंचकर किया आत्मसमर्पण

कांधला, 19 अगस्त (बु.)। पुलिस की कार्यवाही के डर से गैंगस्टर हाथों में पैम्पलेट लेकर थाने पहुंचा तथा भविष्य में किसी प्रकार का अपराध ना करते हुए आत्मसमर्पण कर दिया।योगी सरकार के द्वारा बदमाशों के ऊपर की जा रही कार्यवाही से खौफजदा गांव खन्दावली निवासी गैंगस्टर बदमाश साबिर गुरूवार को अपराध जगत से तौबा करने का पोस्टर हाथ में लेकर थाने पहुंचा तथा खुद को गिरफ्तार करने की गुहार लगाई। गैंगस्टर ने थाना प्रभारी निरीक्षक को कहा कि वह अब भविष्य में किसी प्रकार का अपराध नहीं करेगा। वह अपराध जगत से तौबा कर चुका है, जिसके चलते वह आत्मसमर्पण करने के लिए थाने पहुंचा है। थाना प्रभारी से पूछताछ के बाद बदमाश को जेल भेज दिया है। वहीं मामले को लेकर थाना प्रभारी रोजन्त त्यागी का कहना है कि काफी समय से साबिर वांछित चल रहा था, जिसके चलते पुलिस उसकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थी। गुरूवार को खुद साबिर ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण करते हुए गुनाहों से तौबा करने की बात कही है। मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर ग्रामीणों ने किया हंगामा

भोपा, १६ अगस्त (बु.)। भोपा थाना के ग्राम रसूलपुर विद्युत उपकेंद्र पर आधा दर्जन ग्रामों के सैकड़ों ग्रामीणों ने विद्युत उपकेंद्र पर बीती रात्रि जमकर हंगामा किया। इतना ही नहीं विद्युत उपकेंद्र पर मौजूद एसएसओ व दो लाइनमैन को ग्रामीणों द्वारा बंधक बनाया गया। ग्राम प्रधान रसूलपुर महेश कुमार, प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष आदेश कुमार नन्हेड़ा, राजेन्द्र सिंह, प्रधान दिलशाद, अब्दुल रहमान, राजेंद्र सिंह, सुखबीर सिंह, चंद्रपाल सिंह प्रधान, ईश्वर, मिंटू, जोगेन्द्र प्रधान, सुधीर सहित रसूलपुर, कसौली, बरूकी, शाहदरा, नन्हेड़ा, गादला आदि गांवों के सैकडों लोग ने विद्युत आपूर्ति में भारी कटौती पर ऐतराज जाहिर करते हुए बताया कि भयंकर गर्मी से लोग व पशू बेहाल है। साथ ही पशुओं को नहलाने, कुट्टी मशीन से चारा आदि काटने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। फसलों में समय पर सिंचाई कार्य भी नहीं हो पा रहा है। यह समस्या पिछले डेढ़ सप्ताह से बनी हुई। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस के माध्यम से विद्युत विभाग के अधिकारियों से मोबाइल पर हुई वार्ता में समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद ग्रामीण धरना–प्रदर्शन खत्म कर अपने घरों को लौट गए थे।

गांव सलारपुर में कोविड-१९ वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन

जानसठ, १९ अगस्त (बु.)। तहसील क्षेत्र के गांव सलारपुर में अंबेडकर पंचायत घर में कोविड–१९ वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग ३५० लोगों को वैक्सीनेशन किया गया। गुरुवार को क्षेत्र के गांव सलारपुर मे स्थित अंबेडकर पंचायत घर में सीएससी अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार के नेतृत्व में कोविड–१६ वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग ३५० महिला पुरुष को वैक्सीनेशन का कार्य ग्राम प्रधान के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। जहां लोगों में वैक्सीनेशन के प्रति उत्साह देखने को मिला। इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम प्रधान राजू धीमान, उमेश कुमारी, एएनएम बृजबाला, एएनएम दीपशिखा, हिमानी, ममता, संगीता, कृष्णा, आशा, नीलम, राजेश्वरी आदि मौजूद रहे।

लगभग ७२ घण्टे से विद्युत आपूर्ति ठप्प

मीरांपुर, १६ अगस्त (बु.)। मीरांपुर बाल्मीकि बस्ती व पड़ाव चौक में लगभग ७२ घण्टे से विद्युत आपूर्ति ठप्प पड़ी हुई है। विभाग के अधिकारियों द्वारा लापरवाही के चलते ट्रांसफार्मर व तार ठीक करना गवारा नहीं समझ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार कस्बा मीरापुर के मौहल्ला पड़ाव चौक, बाल्मीकि बस्ती में विद्युत आपूर्ति पिछले ३ दिनों से ठप पड़ी है, जिस कारण बढ़ती गर्मी में जहां क्षेत्र की जनता में हाहाकार मचा है, वहीं लोग पानी के लिए तरस गए हैं। बैटरी–इनवर्टर ठप्प हो गये। बस्ती के लोग रात भर विद्युत आपूर्ति ठप्प रहने से सारी रात जाग कर बिता रहे हैं। विद्युत विभाग के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद विद्युत विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति ठीक कराना गवारा नहीं समझा। प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा ठीक कराने पर अवैध वसूली करते हैं। जनता ने जिलाधिकारी से मांग की है। बस्ती की विद्युत आपूर्ति शीघ्र सुचारू कराती जाये।

दबंग लोगों पर सरकारी नाली पर अवैध कब्जे का आरोप

जानसठ, १९ अगस्त (बु.)। क्षेत्र के गांव काटका निवासी शौकत पुत्र नसीम अहमद ने एसडीएम जयेंद्र कुमार को एक शिकायती प्रार्थना–पत्र देकर बताया की गाटा संख्या २८३ में उनका मकान है। वहीं दक्षिण दिशा में उनके विपक्षी मौसम अली का खेत है। मौसम के खेत के बराबर में सरकारी नाली है, जो खाता गाटा २८२ है। वहीं पीड़ित ने बताया मौसम ने सरकारी नाली पर अवैध कब्जा करके अपने खेत में मिला लिया है, जिसके चलते उसके मकान की दीवार के नीचे अनाधिकृत तरीके से नाली का निर्माण करा दिया, जिससे उसके मकान की दीवार के नीचे पानी भर गया। पीड़ित शौकत के दीवार के नीचे पानी भरने से पूरे मकान में नमी आ गयी है। वहीं ग्रामीण ने मौसम से नाली बन्द कर सरकारी नाली छोड़ने के लिये कहा, लेकिन मौसम सरकारी नाली छोड़ने को तैयार नही है। वहीं ग्रामीण ने मांग की सरकारी नाली से अवैध कब्जा हटाकर नाली को सुचारू रूप से चलायी जाये।

एसडी इंजीनियरिंग में हुआ पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बुस.)। एसडी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं महामृत्युंजय सेवा मिशन अध्यक्ष पंडित संजीव शंकर ने केथ का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति की पूजा माँ भगवती की ही पूजा है। शिवपुराण के अनुसार यदि पौधों में "ओम नमः शिवाय" मंत्र कहते हुए जल देते हैं, तो रुद्राभिषेक का फल ही प्राप्त होता है। श्रावण मास में पौधारोपण का महत्व बहुत अधिक है। कार्यक्रम में संस्थान के अधिशासी निदेशक प्रोद्र (डॉ.) एस.एन. चौहान ने बताया कि कॉलेज परिसर में भगवान शिव को प्रिय लगभग सभी पौधे जैसे रुद्राक्ष, बेल, कनेर, धतूरा इत्यादि पहले से ही उपलब्ध हैं। डॉ. चौहान ने पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। डॉ. चौहान कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए उसका संरक्षण आवश्यक है। शुद्ध ऑक्सीजन पाने के लिए सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। वातावरण में फैल रहे इस जहर को रोकने का सबसे अच्छा उपाय यह है कि अधिक संख्या में पौधे रोपित किए जाएं। पेड़–पौधों के अंधाधुंध दोहन से यह स्थिति बनी है। अतः हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरती को बनाए रखने में अपना योगदान दें। भारत सरकार जिस प्रकार पौधारोपण अभियान चलाकर जन–जन को जगाने का काम कर रही है, यह हम सभी के लिए प्रेरक है। इस अवसर पर प्रख्यात कवि डॉ. अ. कीर्तिवर्द्धन ने पौधारोपण करते हुए कहा कि यह वृक्ष ही एकमात्र ऐसा साधन है, जिससे प्राकृतिक रूप से हमें सुरक्षा प्रदान होती है। ऑक्सीजन, छाया के साथ–साथ रेडियोएक्टिव किरणों को सोखने में पौधों का बहुत अधिक महत्व है। डॉ. कीर्तिवर्धन ने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। संस्थान के प्राचार्य डॉ. ए.के. गौतम ने कहा कि हरियाली सदैव ही मन को हर्षित करती है। अतः हमें बढ़–चढ़कर वृक्षारोपण करना चाहिये। पर्यावरण में स्वच्छता अति आवश्यक है। सुन्दर परिवेश से मन को प्रसन्नता मिलती है। पेड़–पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। तापमान में हो रही निरंतर वृद्धि और मानसून परिवर्तन से होने वाले दुष्प्रभाव से बचने के लिए सभी को कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। आयोजन में डॉ. पारेश कुमार, डॉ. आरटीएस पुंडीर, डॉ. विकास कुमार, डॉ. योगेश कुमार शर्मा, प्रो. अभिषेक राय आदि उपस्थिति रहे।

फरार आरोपी के विरुद्ध कुर्की कार्रवाई शुरू

भोपा, १६ अगस्त (बु.)। थाना प्रभारी निरीक्षक दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि भोपा थाने पर पंजीकृत गोकशी व गैंगस्टर मामले में फरार चल रहे गांव व थाना ककरौली निवासी फरमान पुत्र अय्यूब कुरैशी के विरुद्ध कुर्की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सलमान शातिर किस्म का अपराधी भी है। इससे पूर्व आरोपी की गिरफ्तारी के काफी प्रयास किए जाने के बाद कुर्की कार्रवाई को अमल में लाया गया है।

सेवा ही संगठन है : विजय शुक्ला

मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बुस.)। संगठन के आदेशानुसार जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला के आह्वान पर नई मण्डल की एक बैठक शाकुम्बरी मार्बल्स एवं ग्रेनाइट हाऊस शांतिनगर पर आहुत की गई, जिसमें नई मण्डी मण्डल अध्यक्ष राजेश पाराशर ने मण्डल के समस्त पदाधिकारियों से विचार विमर्श कर सदर विधानसभा मुजफ्फरनगर के नई मण्डी मण्डल द्वारा विपुल भटनागर सभासद वार्ड ३२ के प्रतिष्ठान गऊशाला रोड नई मण्डी में नई वोट बनाने हेतु चल रहे कैम्प को १ सप्ताह और २६ अगस्त तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसलिए सभी सम्मानित नागरिकों को पुनः सूचित किया जाता है कि अगर आपके घर में किसी की आयु या मौहल्ले में निवास करने वाले किसी नागरिक की आयु १ जनवरी २०२२ तक १८ वर्ष या उससे अधिक हो जायेगी या किसी की वोट कट गयी, तो उपरोक्त पते पर जाकर दस्तावेजों के साथ अपनी वोट बनवा सकते हो। बैठक में मुख्य रूप से मण्डल महामंत्री डॉ. अशोक कुमार व पवन छाबड़ा मण्डल उपाध्यक्ष बशेश्वर दयाल, रामकिशन शर्मा, पंकज माहेश्वरी, मण्डल मंत्री योगेश चौधरी, दिनेश पुण्डीर, सीमा शर्मा, सैक्टर सयोजन प्रियांक गुप्ता, मण्डल सह मीडिया प्रभारी अश्वनी शर्मा, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नवनीत गुप्ता, प्रशांत गौतम महामंत्री, उपाध्यक्ष शुभम शर्मा, अर्थ सिंहल, आयुष गोयल आदि उपलब्ध रहे।

पुलिस ने मोडिफाइड बाइक चालकों को सिखाया सबक

कैराना, १६ अगस्त (बु.)। नगर में विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने सघन चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने मोडिफाइड बाइक चालकों को जमकर फटकार लगाई। पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालकों को सबक सिखाया। गुरुवार को एसपी के आदेशानुसार कोतवाली पुलिस ने नगर के पालिका मार्किट, कांधला तिराहा व चौक बाजार आदि स्थानों पर सघन चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने मोडिफाइड बाइक चालकों को जमकर फटकार लगाई। पुलिस ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर दर्जनों लोगों के चालान भी काटे। वहीं, पुलिस ने बिना फेस मास्क घूम रहे लोगों को सख्त हिदायत भी दी।

इस्कॉन संस्था द्वारा खीर वितरण कार्यक्रम किया गया

मुजफ्फरनगर, १६ अगस्त (बुस.)। आज न्यू मंडी बिंदल बाजार के व्यापारियों द्वारा विजय बाटा के नेतृत्व में इस्कॉन संस्था द्वारा संचालित खीर वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ सपा नेता गौरव स्वरूप और विशिष्ट अतिथि महानगर महामंत्री समाजवादी पार्टी शलभ गुप्ता एडवोकेट रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय बाटा, गिरीश पहुजा, नरेश बंसल, अमित जैन, कपिल अरोरा, उत्तरेजा मेडिकल वाले, जनार्दन विश्वकर्मा, शेखर त्यागी, महक सिंह, अमित शील, राहुल, मुकेश वशिष्ठ, पवन बंसल, अरविंद गोयल, पंकज जैन, जैन साहब पंसारी, धर्मेंद्र शर्मा, दीपक गर्ग, माटू भाई आदि व्यापारीगण मौजूद रहे।

दलितों ने डीएम कार्यालय पर किया विरोध प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। हरिजन चौपाल में अब वर्तमान ग्राम प्रधान द्वारा पंचायत कार्यालय बनाए जाने का विरोध करते हुए दर्जनों दलितों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान डीएम के नाम नगर मजिस्ट्रेट को सौंपे ज्ञापन में उक्त ग्रामीणों ने हरिजन चौपाल में ग्राम पंचायत कार्यालय न बनाने जाने की मांग की, ताकि गांव में आपसी सद्भाव के साथ सौहार्द्र बना रहे। गुरूवार को डीएम कार्यालय पहुंचे बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के ग्राम बडौदा के दलितों ने डीएम के नाम सौंपे ज्ञापन में हरिजन चौपाल पर वर्तमान ग्राम प्रधान के द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय बनाने जाने का आरोप लगाते हुए उसे रोके जाने की मांग की। कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने नगर मजिस्ट्रेट को बताया कि हरिजन चौपाल जो दलितों द्वारा 10 हजार रुपए लेकर निर्माण कार्य कराया गया था और वहां पर बाबा डॉ. भीमराव अंबेडकर का सम्मेलन समेत गरीब परिवारों की शादी-विवाह आदि कार्यक्रमों का पूर्व से आयोजन होता आ रहा है, पर अब वर्तमान ग्राम प्रधान के द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय बनाए जाने की योजना जारी है। दलितों ने प्रशासन से उक्त समस्या के निदान किए जाने के साथ ही हरिजन चौपाल में ग्राम पंचायत कार्यालय न बनने दिए जाने के आदेश को पारित करने की मांग की। इस दौरान सुभाष, रामपाल, नरेश, मुकेश, सतवीर, रोहताश, पाली, रकनेश आदि मौजूद रहे।

मेला ग्राउण्ड में हो रहे निर्माण में बाधा डालने वाले को पुलिस ने हड़काया

भोपा, १६ अगस्त (बु.)। मेला ग्राउण्ड में हो रहे निर्माण में बाधा डालकर चाहरदीवारी के निर्माण कार्य को रूकवाने वाले ग्रामीणों को पुलिस ने हड़काया तथा निर्माण कार्य को पुनः शुरू करवा दिया। मोरना में स्थित मेला ग्राउण्ड में निर्माण कार्य प्रशासन द्वारा कराया जा रहा है। गुरूवार की सुबह मेला ग्राउण्ड की चाहरदीवारी का कार्य शुरू हुआ, तो पड़ोसियों ने दीवार के निर्माण का विरोध शुरू कर दिया तथा दीवार के निर्माण को हंगामा कर रूकवा दिया। सूचना पर पहुंची मोरना चौकी पुलिस ने ग्रामीणों को हड़काया। इस दौरान ग्रामीण पुलिस से उलझते रहे, वहीं पुलिस ने दीवार के निर्माण कार्य को पुनः चालू करा दिया।

यूपी में एक करोड़ छात्रों को मिलेंगे स्मार्ट फोन ,लैपटाप

लखनऊ, 19 अगस्त (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के एक करोड़ छात्रों के लिये तमाम सुविधायें देने की घोषणा की है। विधानसभा में अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान सदन को संबोधित करते हुये श्री योगी ने गुरूवार को कहा कि उनकी सरकार स्नातक, परास्नातक और डिप्लोमा कोर्स कर रहे छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन और लैपटाप उपलब्ध करायेगी। इसके लिये बजट में तीन हजार करोड़ रूपये का प्राविधान किया गया है। इसके अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा भत्ता और स्कालरशिप प्रदान की जायेगी। उन्होने कहा कि प्रदेश के 28 लाख सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों को एक जुलाई 2021 से 11 फीसदी बढोत्तरी के साथ 28 फीसदी महंगाई भत्ता दिया जायेगा। एक बडी घोषणा के तहत मुख्यमंत्री ने कहा कि माफिया के कब्जे से मुक्त करायी गयी जमीन पर गरीब और जरूरतमंदों के लिये मकान बनाये जायेंगे। संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तीखा हमला करते हुये कहा कि कोरोना के कठिन समय में जब समूची सरकार सड़क पर थी और लोगों की सेवा कर रही थी, उस समय विपक्ष के नेता घरों में आराम फरमा रहे थे। सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुये उन्होने कहा ''हम बगैर भेदभाव के सरकार की योजनाओं को समाज के हर वर्ग तक पहुंचा रहे हैं।'' श्री योगी ने कहा कि यह पहली महामारी थी, जब भूख के कारण किसी गरीब ने दम नहीं तोड़ा। विपक्ष ने गरीबों को मुफ्त राशन वितरण में भी आपत्ति जतायी थी। कोरोना काल में फील्ड कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्होने एक ओर जहां रोजगार सेवकों, पीआरडी जवान, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, मिनी आंगनबाड़ी व सहायिकाओं, रोजगार सेवकों आदि अल्प मानदेय वाले कार्मिकों के मानदेय में बढ़ोतरी की घोषणा की, वहीं प्रदेश सरकार के 16 लाख कर्मचारियों और 12 लाख पेंशनधारकों की बहुप्रतीक्षित मुराद पूरी करते हुए 11 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ उनके मंहगाई भत्ते को बहाल करने का भी ऐलान किया। एक घंटे से कुछ अधिक समय तक सदन को संबोधित करते हुए उन्होने युवाओं से कहा ''नए युग का सृजन युवकों तुम्हारे हाथ में है, समूचा जग युवा पीढ़ी तुम्हारे हाथ में है। प्रबल फौलाद सच मानो तुम्हारे गात में है, नए युग का सृजन युवकों तुम्हारे हाथ में है। सफलता तो तुम्हारी बात में है जज्बात में है, नए युग का सृजन युवकों तुम्हारे हाथ में है।'' युवाओं को डिजिटल तकनीक में सक्षम बनाने का इरादा जताते हुए उन्होंने कहा कि स्नातक, परास्नातक, इंजीनियरिंग, डिप्लोमा आदि पाठ्यक्रमों के एक करोड़ युवाओं को टैबलेट/ स्मार्टफोन देने के साथ ही मुफ्त में डिजिटल एक्सेस भी मुहैया कराया जाएगा।''प्रतियोगी परीक्षा भत्ता'' की घोषणा करते हुए योगी ने कहा कि सरकार, प्रतियोगी परीक्षा के लिए जाने वाले हर युवा को तीन बार भत्ता देगी। यह फैसला विधायकों की भावनाओं, युवाओं की जरूरतों और अभिभावकों को बड़ी राहत देने वाला होगा। अधिवक्ताओं की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सीएम योगी ने वकीलों को सामाजिक सुरक्षा के तहत मिलने वाले 1.5 लाख रूपये की राशि को बढ़ाकर पांच लाख करने की जानकारी देते हुये श्री योगी ने कहा कि सरकार निराश्रित हुई महिलाओं के लिए भी योजना लाने जा रही है। पूर्ववर्ती सरकारों के द्वारा संस्कृत की उपेक्षा की बात कहते हुए सीएम ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से संस्कृत विद्यालयों के छात्

1973-2021

सम्पादक की क़लम से

शायरों का नज़रिया

उस्ताद शायर कहते थे कि शायर वो है, जिसमें शऊर हो, जो फ़िरक़ा परस्ती की जगह इंसानियत की बात करता हो, मगर इस दौर में बेशऊरी, फ़िरक़ापरस्ती का बोलबाला है। गाने वाले नक़ली शायरों को असली समझा जाने लगा है। इन दिनों अफ़ग़ानिस्तान के मसअले पर दो बड़े शायरों की बातों की जमकर आलोचना हो रही है। जावेद अख़्तर, मुनव्वर राना, इन दोनों को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है। जावेद अख्तर ने भी तालिबान पर अपनी भड़ास निकालते हुए एक ट्वीट किया है। साथ ही जावेद अख्तर अपने ट्वीट में पश्चिम के देशों पर भी गरियाते दिख रहे हैं। अफ़ग़ानिस्तान के हालातों पर बड़े-बड़े देशों की चुप्पी पर भड़कते हुए जावेद अख़्तर ने कहा है कि पश्चिम के देशों पर लानत है। जावेद अख़्तर ने अपनी पोस्ट में गुस्साते हुए कहा, अमेरिका किस तरह की महाशक्ति है कि वह तालिबान नामक इन बर्बर लोगों को ख़त्म नहीं कर सका? यह कैसी दुनिया है, जिसने अफ़ग़ानी महिलाओं को इन कट्टरपंथियों की दया के वश में छोड़ दिया है? उन सभी पश्चिमी देशों पर शर्म आती है, जो मानवाधिकारों के रक्षक होने का दावा करते हैं। उनकी पत्नी शबाना आज़मी ने भी जावेद अख़्तर के इस ट्वीट का समर्थन किया और री-पोस्ट कर अपनी पोस्ट में कहा इतिहास हमें सिखाता है कि कट्टरपंथियों ने पहले धर्म की आड़ में संस्कृति पर हमला किया। याद तालिबान ने छठी शताब्दी की बामियान की मूर्तियों को भी नष्ट कर दिया था, ये ह्यूमन क्वूएलिटी का नमूना है। इनके ट्वीट पर यूजर बोले- जावेद साहब केवल पश्चिमी देशों को गाली देकर काम चल जाएगा? देश के बुद्धिजीवी मुसलमानों को सड़क पर आने से कौन रोक रहा है? हम भी देखें कितने सेक्युलर मुसलमान तालिबान के खिलाफ सड़क पर उतरते हैं या सिर्फ़ एक दो ट्वीट कर कोरम पूरा करना चाहते हैं । एक यूजर बोले, अच्छा होता कि अगर आप बजाए किसी दूसरे देश के बोलने के तालिबान और पाकिस्तान के ख़िलाफ़ लिखते। एक यूजर बोले, जब यही तालिबान बामियान में 'भगवान बुद्ध' की मूर्ति तोड़ रहे थे, तब आप कहां थे? एक अन्य यूजर ने कहा- 'जावेद जी आपको तो ख़ुश होना चाहिए कि काफ़िर अफ़ग़ानिस्तान से चले गए। अफ़ग़ानिस्तान अब इमरेट बन गया है, जहां शरिया का क़ानून होगा। आप ख़ुश क्यों नहीं? इसका खुलासा करें। मुनव्वर राना ने इस पर एक बयान दिया। अफ़ग़ानिस्तान के हालात को भारत से बेहतर बताया। राना ने तालिबान की तुलना आरएसएस बीजेपी और बजरंग दल से की। उनके बयान पर अब विवाद शुरू हो गया है। पत्रकारों से बात करते हुए राना ने कहा कि अफ़ग़ानिस्तान से अधिक क्रूरता तो हिंदुस्तान में है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान पर तालिबान का क़ब्ज़ा उसका अंदरूनी मसला है। तालिबानी,अफगानी जो भी हैं, जैसे भी हैं, सब एक हैं। जैसे हमारे यहां बजरंग दल, बीजेपी और आरएसएस सब एक हैं। 1000 साल पुराना इतिहास उठाकर देख लीजिए, अफगानियों ने कभी हिंदुस्तान को धोखा नहीं दिया है। अफगानिस्तान पर तालिबान का नियंत्रण होने के बाद अमेरिका के बाद अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने तालिबान के नियंत्रण वाले अफगानिस्तान में अपने संसाधनों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस एक्शन के बाद तालिबान के क़ब्ज़े वाला अफगानिस्तान अब न आईएमएफ के संसाधनों का इस्तेमाल कर पायेगा और न ही उसे किसी तरह की आगे सहायता मिलेगी। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 46 करोड़ अमेरिकी डॉलर यानी करीब 3416.43 करोड़ रुपये के आपातकालीन रिजर्व तक अफगानिस्तान की पहुंच को ब्लॉक करने की घोषणा की है। इससे पहले अमेरिका ने 706 अरब रुपये की सम्पत्ति फ्रीज कर दी। इतना ही नहीं देश के पैसे तालिबान के हाथ न लगें। इसके लिए अमेरिका ने तालिबान के क़ब्ज़े वाले अफगानिस्तान को कैश की आपूर्ति पर रोक लगा दी। ऐसे में तालिबान ने भले ही बंदूक और अराजकता के बल पर 20 साल बाद अफगानिस्तान में वापसी कर ली, लेकिन इसके बावजूद वह कंगाल ही बना रहेगा। तालिबान के अधिग्रहण के बाद अफगानिस्तान में अराजक स्थिति के बीच, फेसबुक, ट्विटर और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों सभी तालिबान खातों पर नजर रख रहे हैं। ये कंपनियां उन पर कड़ी नजर रखने के साथ तालिबान से सम्बंधित एकाउंट को बैन कर रही हैं। तालिबान को व्हाट्सएप सहित सभी फेसबुक ऐप से आधिकारिक रूप से प्रतिबन्धित कर दिया गया है। फेसबुक ने तालिबान को खतरनाक संगठन घोषित किया है।

चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

'लोभ''साँप''लोभ"धोका धड़ी'
लोभ,साज़िश,नफ़रतें धोका धड़ी की शक्ल में,
सांप अपनी आस्तीन में पालता है आदमी
रब ने तो आसानियों के रास्ते की भीक दी,
ज़िन्दगी को मुश्किलों में डालता है आदमी।

जिले में नहीं मिला कोई नया कोरोना पॉजिटिव मरीज, गुरुवार को 6187 लोगों को लगा कोरोना का टीका

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। जिले में कोरोना संक्रमण मरीजों की संख्या पर लगे ब्रेक के बीच बीते दो दिनों से जारी शांति का क्रम गुरूवार को भी जारी रहा। इस दौरान जिले में नए कोरोना पॉजिटिव मरीज के न मिलने से जहां स्वास्थ्य विभाग ने राहत की सांस ली, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग की टीमों के द्वारा जनपद में 6187 लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया। वहीं इस बीच ऑनलाइन स्लॉट लेकर 18 से 44 आयु वर्ग में कुल 1935 लोगों ने अपना वैक्सीनेशन कराया।

सीएमओ एमएस फौजदार ने बताया कि जिले में गुरूवार को कोरोना का कोई नया संक्रमित नहीं मिलने से राहत रही। उन्होंने बताया कि गुरूवार को जनपद में आरटीपीसीआर से कुल 1010 लोगों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें तमाम लोगों को स्वस्थ पाया गया और इन तमाम लोगों की जांच रिपोर्ट निगेटिव मिली। वहीं रैपिड एंटीजन टेस्ट, प्राइवेट लैब या अन्य जनपद से कोरोना का कोई मरीज नहीं मिला। वहीं जिले में अब तक कोरोना की लहर जारी रही। कोरोना लहर से 269 लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले में कोरोना लहर के बीच अब तक 30,648 संक्रमित मरीज मिल चुके हैं, जिसमें से 30,375 मरीजों को ठीक होने पर डिस्चार्ज कर दिया। जनपद में 4 एक्टिव मरीज शेष रह गए हैं, जिनका स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की निगरानी में इलाज चल रहा है। उधर, सीएमओ डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि जिले में आज 6187 लोगों का कोरोना टीकाकरण किया गया। उन्होंने बताया कि टीकाकरण केंद्रों पर इस दौरान 4252 लोगों को टीका लगाया गया, जिनमें से 3614 लोगों को प्रथम डोज लगाई गई तथा 638 लोगों को दूसरी डोज लगाई गई। उन्होंने जनपद में आज ऑनलाइन स्लॉट लेकर 18 से 44 आयु वर्ग में 1935 लोगों ने अपना टीकाकरण कराया।

डीएम वार रूम के उद्घाटन अवसर पर आवश्यक दिशा निर्देश देते डीएम व उपस्थित एडीएम एवं अन्य अधिकारी

राशन माफिया पर लगाया झूठा फंसाकर जेल भेजने का आरोप

शामली, 19 अगस्त (बु.)। कैंटर चालक ने जनपद के राशन माफिया पर राशन की तस्करी के मामले में झूठा फंसाकर जेल भिजवाने का आरोप लगाया गया है। जेल से छूटकर आए ट्रक चालक को उक्त मामले में आरोपी राशन माफियाओं द्वारा मुकदमा अपने नाम न लेने पर जान से मारने की धमकी दी गई है, जिसके चलते पीड़ित ट्रक चालक अपने परिवार के साथ जनपद की कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां उसने डीएम को शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। जनपद में राशन माफियाओं द्वारा चोरी छिपे राशन के गेहूं चावलों की तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। गुरूवार को शहर के कबाड़ी बाजार निवासी विकास शर्मा अपने परिवार के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां उसने डीएम को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि वह एक कैंटर चालक है और मदन की गाड़ी तनख्वाह पर चलाता है। बीती एक जुलाई को उसे कोतवाली पुलिस द्वारा कोटे के चावलों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। कैंटर चालक ने बताया कि उसे नहीं पता था कि ये चावल कोटे के राशन का था। उसने बताया की उसकी गाड़ी में पकड़ा गया चावल राशन का काला कारोबार करने वाले कारोबारी राजू उर्फ राजेश निवासी गांव हरड़ का था, जिसमें पुलिस द्वारा केवल उसे ही जेल भेजा गया है, जबकि जिनका माल था वो अपने पैसों के दम पर खुले घूम रहे हैं और अभी वह बेल पर बाहर आया है और मुख्य आरोपियों द्वारा उसे धमकी दी जा रही है कि अगर उसने यह मुकदमा अपने नाम नहीं लिया तो वें उसे जान से मार देंगे। कैंटर चालक ने बताया कि आरोपी पुलिस से साठगांठ के चलते खुले घूम रहे हैं, जिससे उसे जान माल का भय बना हुआ है। कैंटर चालक ने बताया कि इसके अलावा भी जनपद में कई राशन माफिया संदीप उर्फ धीरेन्द्र, राजू उर्फराजेश भी राशन का काला कारोबार कर रहे हैं। ये इस राशन को हरियाणा आदि राज्यों में सप्लाई कर बड़ा मुनाफा कमा रहे हैं। कैंटर चालक द्वारा डीएम को प्रार्थना पत्र देकर उक्त राशन माफियाओं पर कार्यवाही की मांग की गई है। डीएम ने पीड़ित कैंटर चालक को उचित कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया है।

अब डीएम ने शुरू किया डीएम वार रूम

- व्हाट्सअप नं. 9897749888 एवं 9897614888 पर करें शिकायत
- जनपद के 156 विभागों के बनाए जा रहे व्हाट्सअप ग्रुप

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार व जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण के लिए जनपद में डीएम वार रूम को स्थापित करते हुए आज शुभारंभ किया, जहां अब शिकायतों के निस्तारण के लिए प्रशासन ने व्हाट्सएप नंबर 9897749888 एवं 9897614888 जारी हुए इन नम्बरों पर जिले के लोग अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने, जनता की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने, भ्रामक सूचना पर रोक व अल्प समय अवधि में अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश पहुंचाने को डीएम चन्द्रभूषण सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित डिस्ट्रिक्ट ई गवर्नेंस सेल में स्थापित किये डीएम वार रूम का शुभारंभ किया। कलेक्ट्रेट स्थित जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीएम चन्द्रभूषण सिंह द्वारा जिले के अधिकारियों व मीडिया को डीएम वार रूम की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण हेतु डीएम वार रूम को स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि डीएम वार रूम के संचालन को जनपद के 156 विभागों व अन्य कार्यालयों के व्हाटसएप ग्रुप बनाए हैं, जिनमें से 72 विभागों-कार्यालयों के व्हाटसएप ग्रुप एक्टिव हैं, जिनमें 5000 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों को जोड़ा गया है। डीएम वार रूम में बनाये ग्रुप को एक नम्बर प्रदान किया है, जिससे उस ग्रुप को यूनिक पहचान दी जा सके तथा शिकायतों को आसानी से प्रेषित किया जा सके। कार्यक्रम में डीएम वार रूम की कार्य प्रणाली की विस्तार से जानकारी देते हुए एडीएम वित्त आलोक कुमार ने बताया कि डीएम के निर्देशों के बीच जिले में डीएम वार रूम की स्थापना की गयी है, जिसमें शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी, उनके लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ जनहित में किये जा रहे कार्यों को आमजन तक पहुंचाना है। वहीं योजनाओं का लाभ पाने में आ रही समस्या व शिकायतों को प्रशासन के मध्य से निस्तारण कराना है। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों को प्राप्त करने हेतु एक व्हाट्सएप नंबर, डीएम के फेसबुक पेज का उपयोग किया जाएगा, जिससे प्राप्त शिकायत विवरण सहित संबंधित विभाग के ग्रुप में पोस्ट की जायेगी एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के ग्रुप में पोस्ट की जायेगी जिससे डीएम के संज्ञान तक शिकायतों को पहुंचाया जा सकें। वहीं संबंधित विभागों में पोस्ट की शिकायतों को विभाग के कार्यालय अध्यक्ष एवं उससे संबंधित कर्मचारियों के माध्यम से त्वरित निस्तारण कराते हुए उसकी जानकारी पाने के लिए ग्रुप में फोटोज-वीडियो के विवरण समेत उपलब्ध कराया जायेगा एवं उसका फीडबैक शिकायतकर्ता एवं जन सामान्य तक पहुंचाया जाएगा व जिनकी डीएम द्वारा साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। इस दौरान मुख्य रूप से सीडीओ आलोक यादव, एसपी सिटी अर्पित विजय वर्गीय, एडीएम प्रशासन अमित सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह, एसडीएम सदर दीपक कुमार, एसडीएम खतौली इन्द्रकांत द्विवेदी, एसडीएम बुढ़ाना अजय अम्बष्ट, एसडीएम जानसठ जयेन्द्र कुमार, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी तुलसीराम प्रजापति, कृषि अधिकारी जसवीरसिंह तेवतिया, जिला विद्यालय निरीक्षक गजेन्द्र कुमार, बीएसए मायाराम सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

फुलत मदरसे में पहुंचे व्यक्ति का नहीं सर संघचालक से कोई संबंध

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचार प्रमुख विकास भार्गव ने बीते दिवस खतौली क्षेत्र के गांव फुलत के मदरसे में पहुंचे अनन्त भागवत नाम के व्यक्ति का सर संघचालक मोहन भागवत जी से किसी तरह के संबंध से इंकार किया है। उन्होंने अपने पत्र में बीते दिवस मीडिया में प्रसारित हुई खबरों का खंडन करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सर संघचालक मोहन भागवत जी के भाई के रूप में खतौली के फुलत मदरसे में पहुंचे अनन्त भागवत नामक व्यक्ति का नाम जोड़े जाने को आरएसएस की छवि को धूमिल किए जाने की कुछ लोगों पर आरोप लगाया है।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र विकुल गोयल उर्फ काला मेरे कहने सुनने में नहीं है तथा काफी समझाने के बावजूद भी अपने झगड़ालू क्रिया कलापों से बाज नहीं आ रहा है, जिससे मैं परेशान होकर अपने पुत्र विकुल गोयल उर्फ काला को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। भविष्य में वह किसी से लेन–देन करता है, या कोई गलत कार्य करता है, तो मेरा व मेरे परिवार का अपने पुत्र से कोई किसी प्रकार का मतलब वास्ता नहीं होगा।

शिव कुमार
पुत्र स्व. सूरजभान
मौहल्ला : गांधीनगर, कूकड़ा, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर

ग्राम प्रधानपति पर हमले का आरोप

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदीश पाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डीएम और एसएसपी कार्यालय पहुंच कर बुढ़ाना में प्रधानपति के साथ हुई मारपीट के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने इस संबंध में एक ज्ञापन डीएम-एसएसपी को सौंपा। गुरूवार को आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदीश पाल के नेतृत्व में डीएम-एसएसपी कार्यालय पहुंचे कार्यकर्ताओं को बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग के प्रधानपति होने पर जनपद के ग्राम पंचायत सचिव व अन्य 2 मनरेगा कर्मचारियों के द्वारा ब्लॉक बुढ़ाना में प्रधानपति के साथ मारपीट की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने एसएसपी से मांग करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत भैंसाना ब्लॉक बुढ़ाना की महिला प्रधानपति जगबीर सिंह पुत्र सुन्दर निवासी भैंसाना के साथ में हैंडपंप खराब होने व उसकी मरम्मत एवं गांव की साफ सफाई किए गए कार्यों के भुगतान की बात की, जिस पर ग्राम पंचायत सचिव व अन्य दबंगों ने मिलकर प्रधानपति के साथ मारपीट की एवं जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। कार्यकर्ताओं ने इस मामले में पुलिस पर मिलीभगत कर कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाते हुए दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस दौरान दर्जनों ग्रामीण व पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

Required

SILVER OAK PUBLIC SCHOOL
Shamli Road, MZN (CBSE, 10+2)
Teachers are required for following posts
1. NTT -02
2. PRT : English, Science, Social Science -01
3. TGT : Science, Social Science -01
4. PGT : Phy. Education, Painting -01
Experienced and fresher both can apply
-: Walk in Interview :-
Saturday 21-08-2021 - 9 AM to 12 PM
or WhatsApp biodata on - 9927087112

बाग बहार बिकाऊ है

बाग में लगभग 100 आम के पेड, जिसमें दशहरी, चौसा तथा अन्य किस्म के आम के पेड हैं, बिकाऊ है।

कवाल बस स्टैण्ड के पास, कवाल मैन रोड, मुजफ्फरनगर

इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें : रणवीर सिंह
618–जवाहर कॉलोनी, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
फोन : 9424227347

दिल्ली में थूकना महंगा पड़ेगा, एक हजार से ज्यादा चालान किये गये

नई दिल्ली, 19 अगस्त (वार्ता) राजधानी दिल्ली में कोरोना महामारी के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर थूकने, मास्क नहीं लगाने और शारीरिक दूरी पालन नहीं करने के आरोप में 2,57,293 लोगों से जुर्माने के तौर पर साढ़े 41 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वसूली गई है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि 19 अप्रैल से 18 अगस्त 2021 तक 41,65,26,279 रुपये जुर्माने के तौर पर वसूले गये। सार्वजनिक स्थानों पर 1,387 लोग थूकते हुए पकड़े गये। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में सबसे 399, जबकि रोहिणी जिले में 229 और उसके बाद उत्तरी दिल्ली में 217 लोगों को उनकी थूकने की आदतों के कारण आर्थिक दंड देना पड़ा। उन्होंने बताया कि राजधानी के दक्षिण, पश्चिम, मध्य जिले तथा दिल्ली मेट्रो और इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सीमा क्षेत्रों में गत चार माह में एक भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर थूकता नहीं पाया गया। द्वारका में 57, उत्तर-पश्चिम दिल्ली 84, पूर्वी दिल्ली 25, उत्तरी दिल्ली में तीन, उत्तर-पूर्वी दिल्ली 92, बाहरी दिल्ली 105, दक्षिण-पूर्वी दिल्ली 12, शाहदरा जिले और दिल्ली के भारतीय रेलवे सीमा क्षेत्र में मात्र दो-दो और बाहरी-उत्तरी दिल्ली में 160 लोगों को थूकने के लिए जुर्माना देना पड़ा। हालांकि, मास्क नहीं पहने के लिए सबसे अधिक 2,27,833 और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने पर 28,073 लोगों के चालान किये गये। गौरतलब है कि कोरोना महामारी के फैलाव को रोकने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जारी कोविड दिशानिर्देशों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 2000 रुपये तक जुर्माने का प्रवधान है। बसों और दिल्ली मेट्रो रेल में बिना मास्क यात्रा करने की इजाजत नहीं है। मेट्रो के अलावा बसों में भी सीट क्षमता से अधिक लोगों को यात्रा की अनुमति नहीं है। बस अड्डे, रेलवे स्टेशनों समेत तमाम सर्वजनिक स्थानों पर कोविड संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करवाने के प्रयास किये जा रहे है।

जालंधर के गांव हुंदल ढड्डा में पाकिस्तानी झंडे सहित 27 गुबारे मिले

जालंधर, 19 अगस्त (वार्ता) पंजाब में जालंधर जिले के गांव हुन्दल ढड्डा में आज एक पाकिस्तानी झंडे के साथ 27 पाकिस्तानी ग़ुब्बारे मिलने से गाँव में दहशत का माहौल पाया जा रहा है। सदर थाना प्रमुख इंस्पेक्टर गुरिन्दरजीत सिंह औजला ने बताया कि यह ग़ुब्बारे हरभजन सिंह के खेतों से बरामद हुए हैं, जिनके बारे पता लगने पर अलग-अलग विभागों के साथ तालमेल कर इसकी जांच की जायेगी। उन्होंने कहा कि यह ग़ुब्बारे पाकिस्तान से आए हैं, जिन पर दिल-दिल पाकिस्तान लिखा हुआ है, लेकिन फिर भी इन ग़ुब्बारों की जांच की जायेगी कि यह ग़ुब्बारे पाकिस्तान या भारत में किस दिशा से आए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हाई कोर्ट ने कथित 'लव-जिहाद' विरोधी क़ानून की कई धाराओं पर लगायी अंतरिम रोक

अहमदाबाद, 19 अगस्त (वार्ता) गुजरात हाई कोर्ट ने राज्य में कथित' लव जेहाद' के मामलों पर रोक लगाने वाले गुजरात धार्मिक स्वतंत्रता (संशोधन) क़ानून 2021 की कई धाराओं के अमल पर आज अंतरिम रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव की खंडपीठ ने आज इस सम्बंध में अंतरिम आदेश जारी किया। गत अप्रैल माह में राज्य की भाजपा सरकार ने विधानसभा में धार्मिक स्वतंत्रता क़ानून 2003 में संशोधन करते हुए इस क़ानून से जुड़े विधेयक को पारित कराया था। दो अलग अलग याचिकाओं में इसको संविधान के अनुच्छेद 25 यानी धार्मिक स्वतंत्रता के मूल अधिकार का विरोधी बताते हुए इसे निरस्त करने की हाई कोर्ट से गुहार लगायी गयी है। इस पर सुनवाई के दौरान ही यह अंतरिम आदेश आया है।

के.के. जैन इण्टर कॉलेज में नारी शक्ति का सम्मान

खतौली, १६ अगस्त (बु.)। मिशन शक्ति फेज ३ के अन्तर्गत मेगा इवेन्ट रक्षा उत्सव का के.के. जैन इण्टर कॉलेज में भव्य आयोजन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार के.के. जैन इण्टर कॉलेज में प्रधानाचार्य अनुराग जैन के निर्देशन तथा मोनिका शर्मा व प्रियंका जैन के संयुक्त संचालन में मिशन शक्ति फेज ३ के अन्तर्गत कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान महावीर स्वामी व मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन तथा णमोकार महामंत्र की संगीतमयी प्रस्तुति से हुआ। कार्यक्रम में बीना शर्मा, आरती यादव व तहसीलदार, अनिता राणा, शिवांगी बालियान, डॉ. गीतांजलि वर्मा, मधुबाला शर्मा महिला जागृति समिति, डॉ. आशा जैन व डॉ. निधि जैन विशिष्ठ अतिथि के पद पर मौजूद रही। इस दौरान ओजस्वी वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात की तर्ज पर बालिकाओं को प्रेरित करते हुए अपनी मन की बात अपनी माताजी को अवश्यक सांझा करने पर बल देते हुए कहा कि क्योंकि मां ही सबसे बड़ी शुभचिंतक होती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं व बालिकाओं को अपने कर्तव्य व अधिकारों के प्रति सजग बनने के साथ साहसी व निडर बने रहते हुए अपनी सुरक्षा के प्रति सदैव जागरूक बने रहना चाहिए एवं संकट की किसी भी घड़ी में डायल–११२ कॉल करें। वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं समाज का एक मजबूत अंग है। महिलाओं में असीम क्षमताएं हैं। इस दौरान वक्ताओं द्वारा सरकार की कन्या सुमंगल योजना सहित अन्य लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर 'कोमल हैं कमजोर नहीं' नाटिका सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक राजीव जैन ने नारी शक्ति के इतिहास के अनेक प्राचीन इतिहासों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत देश की नारी असीम क्षमताओं की खान है। देश की आजादी के इतिहास में भी इन महान वीरांगणाओं की कुर्बानियों का उल्लेख है। विद्यालय प्रबन्धक ने बालिकाओं को शिक्षा के प्रति समर्पित रहने तथा अपनी सुरक्षा के प्रति सजग बने रहने का संदेश दिया। अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग जैन द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर उन्हें प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संध्या नागर, प्रियंका, मोनिका शर्मा, रजनी, मिनाक्षी, नेहा जैन, नीरज शर्मा, बबीता जैन, लवी जैन, अजय जैन, नीरज जैन प्रवक्ता, दिनेश दत्त शर्मा, शैली, एकता, इन्दू, पायल, नूतन, शिक्षिका मोनिका शर्मा आदि विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

उत्तर प्रदेश में जिला योजना समितियों के सदस्यों का चुनाव तीन सितम्बर को

लखनऊ,19 अगस्त (वार्ता) उत्तर प्रदेश में जिला पंचायतों के निर्वाचित सदस्यों में से जिला योजना समितियों के सदस्यों के चुनाव के लिए मदतान तीन सितम्बर को होगा। राज्य के निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने प्रदेश की समस्त यह निर्वाचन गौतमबुद्धनगर को छोड़कर, जो न्यायालय के स्थनादेश से बाधित न हों, के संबंध में आज समय सारिणी जारी कर दी। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि जारी समय सारणी के अनुसार नामांकन का 27 अगस्त पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक होगा और उसके बाद पत्रों की जांच की जायेगी। उम्मीदवार 31 अगस्त पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदान तीन सितम्बर पूर्वाह्न 08:00 बजे से अपराह्न तीन बजे तक होगा और उसके बाद मतगणना शुरु होगी जो कार्य की समाप्ति तक सम्पन्न किये जायेंगे। उन्होंने जिला मजिस्ट्रेट, जिला योजना समिति के सदस्यों के निर्वाचन में निर्वाचन अधिकारी की हैसियत से सदस्यों के पदों की संख्या तथा आरक्षण के संबंध में विवरण देते हुए निर्धारित प्रपत्र-एक में सार्वजनिक सूचना अपने स्तर से हिन्दी में निर्गत करेंगे और इस निर्वाचन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार कराएंगे। सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने कार्यालय तथा जिला पंचायत के मुख्यालय के सूचना पट्ट पर भी सार्वजनिक सूचना की एक प्रति चिपकवा कर प्रदर्शित कराएंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि यह निर्वाचन उत्तर प्रदेश जिला योजना समिति नियमावली, 2008 के अनुसार सम्पन्न होगा। इस निर्वाचन में मतदान गुप्त मतपत्र द्वारा होगा। जिला योजना समिति के सदस्यों के मतपत्र अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए निर्धारित प्रपत्र-9, अनारक्षित वर्ग महिला के उम्मीदवारों के लिए प्रपत्र-9(प), अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए प्रपत्र-9क, अनुसूचित जाति महिला के उम्मीदवारों के लिए प्रपत्र-9क(प), अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए प्रपत्र-9ख तथा अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के उम्मीदवारों के लिए प्रपत्र-9ख(प), के अनुसार होंगे।

गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहा आरोपी दबोचा

बुढ़ाना, 19 अगस्त (बु.)। बुढ़ाना पुलिस ने आज गुरूवार के दिन एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस लगातार गुडवर्क करते हुए अपराधियों पर कहर बनकर टूट रही है। रोजाना कोई ना कोई अपराधी किसी ना किसी मामले में जेल जा रहा है। तभी तो बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र अपराध के मामले में बिल्कुल शांत चल रहा है और लोग बुढ़ाना पुलिस की इस कार्यशैली से बहुत खुश बताए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के निर्देश पर क्षेत्र की परासौली पुलिस चौकी के प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने अपने हमराह कांस्टेबल अंकुश कुमार के सहयोग से एक मुखबिर की सूचना पर गांव परासोली में एक मकान में छापामार कार्यवाही करते हुए मौके से एक ऐसे अभियुक्त को पकड़ा है, जो गैंगस्टर में वांछित चल रहा था। पुलिस ने बताया कि पकड़े गये इस अभियुक्त का नाम रियाज पुत्र जहूर निवासी ग्राम परासौली कोतवाली बुढाना मुजफ्फरनगर जनपद है। बताया जाता है कि पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त को लिखापढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में बुढ़ाना पुलिस लगातार गुडवर्क करते हुए अपराधियों को जेल भेजने का काम रही है।

प्रथम पुण्य तिथि (बरसी)

जन्म तिथि 04-03-1949
परलोक गमन 28-09-2020

स्व. श्रीमती शशिकांता अग्रवाल (सत्संग वाली)

''चिट्ठी न कोई संदेश, जाने वो कौन सा देश'', जहां तुम चले गये''
कड़े सफर का थका मुसाफिर, थका है ऐसा, के सो गया।
खुद अपनी आंख तो बंद कर ली, हर एक आंख, लेकिन भिगो गया।

आपको हमारे बीच से गये हुए आज लगभग एक वर्ष हो गया है, मगर आपको हमारे बीच में होने का अहसास आज भी वैसा का वैसा ही महसूस होता है। आपके सभी धार्मिक संस्कार एवं प्यार को हमने अपने दिलों में संजोकर रखा है और हमेशा आपके दिए इन संस्कारों को हम सब अपने जीवन में आपकी यादों के रूप में उतारकर रखेंगे। आप हम पर हमेशा अपना स्नेह एवं आशीर्वाद बनाए रखना।
आपकी प्रथम पुण्य तिथि पर इन्हीं शब्दों के श्रद्ध

शेष : ड्यूटी पर सफाईकर्मी...

कर्मचारी के प्रति संवेदना व्यक्त करने के बाद में अवकाश कर दिया। वहीं नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार ने बताया कि सफाईकर्मियों पर कोई दबाव नहीं है, लगातार कर्मचारियों को मोटिवेट कर ड्यूटी के प्रति पूरी तरह ईमानदार रहने के लिए कहा जा रहा है। कर्मचारी विकास की मौत एक हादसा है। उस पर कोई दबाव नहीं था, वह पहले ही दौरे का बीमार था, लेकिन यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है।

किशोरी का किया अपहरण, रिपोर्ट दर्ज

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव तुलसीनगर में रिश्तेदार के घर आई हुई किशोरी का अपहरण कर लिया गया। शाहपुर क्षेत्र के गांव पलड़ा निवासी आशीष कुमार ने नई मंडी कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी 15 साल की बहन मौहल्ला तुलसीनगर में रिश्तेदार के घर रहने आई हुई थी। आरोप है कि शाहपुर क्षेत्र के ही गांव माजरा निवासी सचिन यहां से किशोरी को बहला-फुसलाकर उसका अपहरण कर ले गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वृद्ध से कारोबार का झांसा देकर 15 लाख रुपये हड़पे

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। पावर कॉर्पोरेशन से सेवानिवृत्त वृद्ध को कारोबार कराने का झांसा देकर 15 लाख रुपये हड़प लिये ।सदमा लगने से पीड़ित वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला कृष्णापुरी निवासी वृद्धा कृष्णा देवी ने तहरीर देकर बताया कि उनके पति ओमप्रकाश पावर कारपोरेशन से सेवानिवृत्त हुए थे। पीड़िता के अनुसार, मोहल्ला प्रेमपुरी निवासी तरुण व अरुण ने उनके पति को बातों में उलझाते हुए उन्हें साझेदारी में फ्लोर मिल व अन्य कारोबार करने का झांसा दिया। इसके बाद आरोपियों ने अपने तीन अन्य साथियों ओमवीर, शुभम व रहमान के साथ मिलकर वृद्ध के अलग-अलग बैंक खातों व पोस्ट ऑफिस के खाते से अलग-अलग तारीखों पर 10.38 लाख रुपये निकाल लिए। इसके बाद आरोपियों ने वृद्ध का एटीएम कार्ड हड़पकर फिर से 4.57 लाख रुपये निकाल लिए। आरोप है कि जब ओमप्रकाश ने आरोपियों से कारोबार संबंधी जानकारी मांगी, तो उन्होंने जानकारी देने से इंकार कर दिया। रुपये लौटाने के लिए कहा गया तो इसे भी आरोपी साफ नकार गए। पीड़ित वृद्धा के अनुसार, इससे उनके पति को सदमा लगा और इसी सदमे में सात जून 2021 को उनका निधन हो गया। पीड़िता ने अब आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दुधारू पशु चोरी

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव बागोवाली से अज्ञात बदमाश एक गाय व एक भैंस चोरी कर ले गए। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव बागोवाली निवासी मुराद अली ने तहरीर देकर बताया कि उसने दुधारू भैंस व गाय अपने घेर में बांधी हुई थी। आरोप है कि गत 13 अगस्त की रात बदमाशों ने घेर की दीवार फांदने के बाद दरवाजा तोड़कर वहां से दोनों पशुओं को चोरी कर लिया। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मंडलायुक्त के किया सहारनपुर मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण

सहारनपुर,19 अगस्त (वार्ता) उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के मंडलायुक्त डा. लोकेश एम ने राजकीय मेडिकल कालेज का औचक निरीक्षण जहां चिकित्सक गायब थे वहीं 450 संविदाकर्मियों में से कोई भी उपस्थित नहीं था। श्री लोकेश ने निरीक्षण के दौरान मेडिकल में मिली अवस्थाओं के लिए के प्राचार्य डा. अरविंद त्रिवेदी को कड़ी फटकार लगाते हुए उन्हें चेतावनी दी कि एक सप्ताह के भीतर अगर मेडिकल कालेज और अस्पताल की व्यवस्थाओं को दुरूस्त नहीं किया गया तो वे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मौजूद अपर निदेशक स्वास्थ सेवाएं डा. अनिता जोशी को मेडिकल कालेज की जांच के निर्देश दिए। श्री लोकेश ने बताया कि वह एक सप्ताह के बाद मेडिकल कालेज का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि मरीजों के बिस्तरों की चादरे फटी हुई थी, फर्स टूटा था, दीवारों पर सीलन और गंदगी थी, आक्सीजन प्लांट का रखरखाव भी ठीक नहीं पाया गया, शौचालयों की हालत दयनीय थी। मेडिकल कालेज में भारी अव्यवस्थाएं पाए जाने पर मंडलायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। गौरतलब है कि हाल ही में डा. लोकेश एम सहारनपुर के कमिश्नर ने कार्यभार ग्रहण किया था। उसके बाद से वह लगातार कोविड अस्पतालों का निरीक्षण कर रहे हैं।

यूपी बैडमिंटन संघ ने किया सिंधु को सम्मानित

लखनऊ, 19 अगस्त, (वार्ता) टोक्यो ओलम्पिक 2020 में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाली भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु को गुरूवार को उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ ने सम्मानित किया। बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी में आयोजित एक समारोह में संघ के चेयरमैन विराज सागर दास एवं अध्यक्ष डा. नवनीत सहगल ने सिंधु को सम्मानित किया। सम्मान समारोह में मौजूद सिंधु के पिता पीवी रमन्ना और माता पी. विजया भी उपस्थित रहे।

यूपी विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिये स्थगित

लखनऊ 19 अगस्त (वार्ता) उत्तर प्रदेश राज्य विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही गुरूवार को चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट पारित होने के साथ ही अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दी गयी। मानसून सत्र 17 अगस्त को शुरू हुआ था। सत्र के पहले दिन छह दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि देने के बाद दिन भर के लिये सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी था जबकि बुधवार को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 7301.52 करोड़ रूपये का अनुपूरक बजट पेश किया था जिसको आज सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इसके साथ ही 14 विधेयक पारित किये गये जिसके बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दी गयी। इससे पहले तय कार्यक्रम के अनुसार सदन की कार्यवाही चार बैठकों में 24 अगस्त तक सम्पन्न होनी थी।

देश में कोरोना के सक्रिय मामले 149 दिन के निचले स्तर पर

नयी दिल्ली 19 अगस्त (वार्ता) देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के नये मामलों की तुलना में इससे ठीक होने वाले लोगों की संख्या अधिक रही है, जिसके कारण सक्रिय मामले 3286 घटकर 3,64,129 पर आए, जो पिछले 149 दिन का निचला स्तर है। देश में बुधवार को 56 लाख 36 हजार 336 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये तथा अब तक 56 करोड़ 64 लाख 88 हजार 433 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के 36,401 नये मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ 23 लाख 21 हजार 258 हो गया है। इस दौरान 39 हजार 157 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की कुल संख्या बढ़कर तीन करोड़ 15 लाख 25 हजार 080 हो गयी है। इसी अवधि में सक्रिय मामले 3286 घटकर तीन लाख 64 हजार 129 रह गये हैं। इस दौरान 530 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर चार लाख 33 हजार 049 हो गया है। देश में सक्रिय मामलों की दर घट कर 1.13 फीसदी, रिकवरी दर बढ़कर 97.53 फीसदी और मृत्यु दर 1.34 फीसदी है। महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामले 3222 घटकर 61568 रह गये हैं। इसी दौरान राज्य में 8196 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद कोरोना मुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर 6209364 हो गयी है, जबकि 158 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 135413 हो गया है।

स्वर्गीय चितरंजन स्वरूप जी की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि भेंट करते उनके पुत्र गौरव स्वरूप, विकास स्वरूप व सौरभ स्वरूप तथा अन्य सपाई। फोटो बुलेटिन

राजौरी मुठभेड़ में जेसीओ शहीद, दहशतगर्द मारा गया

जम्मू, 19 अगस्त (वार्ता) जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में गुरुवार को थानामंडी इलाके में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान सेना का एक जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) शहीद हो गया और एक आतंकवादी मारा गया। इस मुठभेड़ में सेना का एक जवान घायल भी हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि राजौरी जिले के थानामंडी इलाके में मुठभेड़ में एक जवान भी घायल हो गया है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के ठिकाने पर उनकी वास्तविक संख्या का अभी तक पता नहीं चला है। घने जंगल में अभियान जारी है। सूत्रों ने कहा कि आतंकवादी के शव के पास से एक ए के 47 राइफल, एक पिस्तौल, मैगजीन और गोलाबारूद बरामद हुआ है। इससे पहले सेना ने कहा कि अभियान के दौरान राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) को एक जेसीओ गोली लगने से घायल हो गए। घायल जेसीओ को पास के चिकित्सा सुविधा केन्द्र ले जाया गया जहां उनका निधन हो गया। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने कहा,'' तलाशी अभियान शुरू होने के दौरान इलाके को घेर लिया गया था। '' वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक सीमा नबी कसाबा ने कहा कि विशिष्ट जानकारी मिलने के बाद तलाश अभियान चलाया गया। अधिकारी ने कहा, ''आतंकवादियों की ओर बढ़ने पर उन्होंने

स्वचालित हथियारों से गोलियां चलाईं, जिस पर जवाबी कार्रवाई की गई और संपर्क स्थापित किया गया।'' उन्होंने कहा कि कार्योटे कालयास इलाके में आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलने के बाद घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया गया और छिपे हुए आतंकवादियों की गोलीबारी के बाद सेना की जवाबी कार्रवाइ के बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। एक अन्य घटना में पुंछ जिले के गांव कयोली में बुधवार रात एक ग्राम रक्षा समिति के एक सदस्य ने आतंकवादी की संदिग्ध गतिविधि देखकर गोली चला दी। वीडीसी सदस्य ने कहा, '' पिछले कुछ दिनों से संदिग्ध गतिविधियां चल रही थीं। उन्होंने कहा कि जब उनकी ओर से कोई जवाबी कार्रवाई नहीं हुई, तो उन्होंने आधिकारिक तौर पर उन्हें दिए गए हथियार से गोलीबारी की।

बुर्किना फासो में आतंकवादी हमले में सुरक्षा बलों के जवानों सहित 47 लोगों की मौत, 58 आतंकवादी ढेर

ओउगादोउगौ, 19 अगस्त (वार्ता/ शिन्हुआ) बुर्किना फासो के उत्तरी क्षेत्र साहेल में बुधवार को आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया, जिसमें 14 सैनिकों और सेना के तीन सहायक सदस्यों सहित 47 लोगों की मौत हो गयी। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में 58 आतंकवादी मारे गये। संचार मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है कि अशांत साहेल क्षेत्र में गोर्गडजी के नजदीक के इलाके में आतंकवादियों ने आम नागरिकों और सुरक्षा बलों के साथ-साथ मातृभूमि की रक्षा के काम में लगे स्वयंसेवकों (वीडीपी) के एक संयुक्त काफिले पर घात लगाकर हमला किया। हमले में 30 नागरिकों, सशस्त्र बलों के 14 सदस्यों और तीन वीडीपी सदस्यों की मौत हो गयी तथा 19 अन्य घायल हो गये।

विकास पुरुष पूर्व मंत्री स्व. चितरंजन स्वरूप को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

❑सपनों को साकार करने का दोहराया कार्यकर्ताओं ने संकल्प ❑नगर में कराए गए ऐतिहासिक विकास कार्यो को भुलाया नहीं जा सकता

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। प्रदेश सरकार में कद्दावर मंत्री रहे स्वर्गीय चितरंजन स्वरूप की छठीं पुण्यतिथि पर गुरूवार को सपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सपा पार्टी कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जनपद के विकास पुरुष कहे जाने वाले पूर्व मंत्री स्व. चितरंजन स्वरूप की छठीं पुण्यतिथि पर सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस बीच उनके द्वारा कराए विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उनको याद किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके सपनों को धरातल पर उतारने के लिए इस बार विधानसभा चुनाव में पूरी शक्ति और एकजुटता से आगे बढ़ने का संकल्प दोहराया।

महावीर चौक स्थित पार्टी कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष अलीम सिद्दीकी की अध्यक्षता व महासचिव शलभ गुप्ता एडवो. के संचालन में संपन्न श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मंत्री मुकेश चौधरी व पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव स्वरूप ने स्वर्गीय चितरंजन स्वरूप को हिंदू मुस्लिम एकता व भाईचारे का प्रतीक बताते हुए सभी को उनके पद चिन्हों पर चलने की अपील करते हुए उनके नगर को विकसित करने के अधूरे रह गए सपनों को पूरा करने के संकल्प को दोहराया। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मंत्री के सुपुत्र एवं सपा नेता सौरभ स्वरूप बंटी ने उनके द्वारा नगरीय क्षेत्र में कराए गए ऐतिहासिक विकास कार्यों की लंबी फेहरिस्त पर रोशनी डालते हुए कहा कि वह जनपद में नई-नई विकास योजनाओं से नगर को नई पहचान देने वाले जुझारू नेता रहे। उन्होंने आह्वान किया कि उनको वास्तविक श्रद्धांजलि यही होगी कि उनके सपनों को साकार करने के साथ जनपद के चहुंमुखी विकास की खातिर तमाम कार्यकर्ता एकजुट होकर आगे बढ़े। इस बीच चंदन चौहान व सपा महानगर अध्यक्ष अलीम सिद्दीकी ने कहा की उनके द्वारा मुजफ्फरनगर को दी गई बड़ी विकास की सौगात व नई-नई योजनाओं से ही नगर की काया कल्प कर उसको नई पहचान देने के लिए चितरंजन स्वरूप जी को विकास पुरुष की संज्ञा दी। जिला महासचिव जिया चौधरी व मीडिया प्रभारी साजिद हसन, सपा नेता शौकत अंसारी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के लिए उनके द्वारा किए गए संघर्ष व योगदान को समाजवादी पार्टी सदैव याद करती रहेगी। राकेश शर्मा ने पूर्व मंत्री स्व. चितरंजन स्वरूप को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा की सांप्रदायिक सौहार्द, कार्यकर्ताओं व जनता से उनका सीधा संवाद तथा नगर समेत पूरे जिले में विकास कार्यों एवं लाभकारी योजनाओं को हमेशा याद किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा में मौजूद सपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और कई अन्य सामाजिक संगठनों ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि जनपद समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय कद्दावर नेता की पहचान रखने वाले पूर्व मंत्री स्व. चितरंजन स्वरूप जी की हिन्दू-मुस्लिम एकता व भाईचारे के प्रयासों को ओर अधिक मजबूती से आगे बढ़ाएंगे। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से विनय पाल प्रमुख, सोमपाल सिंह भाटी, सपा नेता विकास स्वरूप बब्बल, वसी अंसारी एड, सतबीर प्रजापति एड, डॉ. अशोक सिंघल, सचिन अग्रवाल, शमशाद अहमद, पवन बंसल, सतीश गुर्जर, राशिद मलिक, सुमित पंवार, आशुतोष गुप्ता, अनेश उपाध्याय, मुकेश वशिष्ठ, सभासद अन्नू कुरैशी, अब्दुल सत्तार, जनार्दन विश्वकर्मा, अनिरुद्ध बालियान, महक सिंह, महाराजा अग्रसैन वैश्य उत्थान सोसायटी के प्रदेशाध्यक्ष राजीव मोहन गोयल, चाहती देवी, रीटा गर्ग, दिलशाद कुरैशी, काजी अरशद, प्रवीन गुप्ता, अरविंद गोयल, फरीद अहमद, तेलूराम त्यागी आदि मौजूद रहे।

एक करोड़ से अब सुधरेगी नगर की पेयजल व्यवस्था, बंद पड़े 11 ओवरहेड टैंक चालू होने से मिलेगी राहत

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। नगरपालिका की दिशा और दशा में सुधार के लिए डीएम की सख्ती का असर नगर में अब दिखाई देगा, ऐसे में जहां एक ओर पालिका की जलापूर्ति के लिए निर्मित कराए 11 ओवरहेड टैंकों की सुध ली गई है। वहीं इन ओवरहेड टैंकों की सफाई के लिए कार्ययोजना द्वारा तैयार कर ली गई है। इसके चलते नगर में करीब एक करोड़ रुपये खर्च कर इनकी मरम्मत कराकर चालू कराने की कवायद शुरू की है। 15वें वित्त आयोग से मिले बजट से इस व्यवस्था को दुरूस्त किये जाने का प्रस्ताव बनाया गया है, जिसके शुरू होने से पेयजल आपूर्ति में सुधार के साथ जनता को राहत मिलेगी।

नगरीय क्षेत्र की जलापूर्ति के लिए जल निगम द्वारा पूर्व में नगर के विभिन्न स्थानों पर बनाए गए ओवरहेड टैंक की सुध पालिका ने ली है। जल निगम द्वारा पूर्व में शहर में 17 ओवरहेड टैंक निर्मित कराते हुए इन्हें पालिका को हैंड ओवर कर अपना पल्ला झाड़ लिया था, लेकिन जब नगर पालिका ने इनका उपयोग शुरू किया तो इन 11 ओवरहेड टैंक निर्माण में गुणवत्ता निम्न पाये जाने के कारण उपयोग नहीं हो सका। ऐसे में कई टंकियां तो पानी के भरते ही बारिश की तरह टपकने लगी, तो फिर पालिका प्रशासन ने इन 11 ओवरहेड टैंकों को जस का तस ही छोड़ दिया। इनमें से 6 ओवरहेड टैंक सही पाये जाने पर उपयोग किया जा रहा है। अब डीएम चन्द्रभूषण सिंह द्वारा शहर में सफाई, पेयजल आपूर्ति और पथ प्रकाश समेत अन्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए नगर पालिका में नोडल अधिकारी के रूप में एडीएम प्रशासन अमित सिंह को जिम्मा सौंपा तो जल निगम की गड़बडी की पोल खुली। अब पालिका ने नोडल अधिकारी की देखरेख में शोपीस बने इन 11 ओवरहेड टैंकों को मरम्मत कराकर उपयोग में लेने की कवायद शुरू की है। इनमें कम्पनी बाग, कांशीराम आवास कालौनी, शाहबुद्दीनपुर, द्वारिकापुरी, पशु चिकित्सालय जीटी रोड, इन्दिरा कालौनी में पार्क, तालाब टंकी, गांधीनगर व पटेलनगर में बने इन ओवरहैड टैंक में मरम्मत होनी है। इसके साथ दो ओवरहेड टैंक में माइनर खामी को दुरुस्त कर सभी 11 टैंक जल्द ही उपयोग में लाए जायेंगे। 15वें वित्त आयोग से पालिका को प्राप्त ग्रांट में से करीब 1 करोड़ रुपये के खर्च का प्रस्ताव तैयार किया है। यह ओवरहेड टैंक 8 सौ से 25 सौ किलो लीटर क्षमता के हैं।

इन्होंने कहा-पालिका के नोडल अधिकारी एडीएम प्रशासन अमित सिंह ने बताया कि नगरीय क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति को लेकर लंबे समय से संकट और समस्या बनी है। इसके लिए समीक्षा में प्रकाश में आया कि 11 ओवरहेड टैंक खराब होने के कारण उपयोग में नहीं लाये जा रहे हैं। इन्हें ठीक कराने के निर्देश दिये हैं। जल्द ही इनका काम शुरू हो जायेगा। इससे शहर में पेयजल आपूर्ति में सुधार होगा और पानी का फुल प्रेशर वॉटर पाइप लाइन को मिलने से नगर की जनता को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में नगर पालिका क्षेत्र में 66 नलकूपों का संचालन कराया जा रहा है।

चाकू के साथ गिरफ्तार

कांधला, 19 अगस्त (बु.)। पुलिस ने कस्बे के दिल्ली रोड से दो चोरों को दो अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। बुधवार की देर शाम को थाना प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी कस्बे के दिल्ली रोड पर गश्त कर रहे थे, इसी दौरान पुलिस को दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों युवकों से पूछताछ करने का प्रयास किया, तो दोनों युवक एक के खेत में कूद गए। पुलिस ने पीछा कर दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पकड़े गए दोनों युवकों के कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद किए हैं पुलिस पूछताछ में पकड़े गए दोनों युवकों ने अपने नाम अब्दुल पुत्र मामू व रोहित पुत्र ऋषिपाल मौहल्ला रायजादगान कांधला बताया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों ने बताया कि वह ट्यूबवैल से मोटर तार चोरी करने की योजना बना रहे थे। इसी बीच पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

शाहपुर में मोबाइल की दुकान में हुई चोरी का हुआ खुलासा

शाहपुर, १६ अगस्त (बु.)। स्थानीय पुलिस ने मोबाइल की दुकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए चार मोबाईल फोन व अन्य सामान बरामद किया है। कस्बे निवासी नुकुल पाल की चौधरी मार्किट में उमंग मोबाइल गैलरी के नाम से मोबाईल फोन की दुकान है। लगभग दो सप्ताह पूर्व अज्ञात चोरों ने शटर उखाड़कर लाखों रुपये के मोबाइल फोन व अन्य सामान चोरी कर लिया था। स्थानीय पुलिस ने उक्त चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी बिल्लू पुत्र दासी निवासी गोकुलपुर को गिरफ्तार कर चार मोबाइल फोन के अलावा एक स्पीकर व चार्जर बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही कर जेल भेज दिया। इसके अलावा पुलिस ने बागपत जनपद के निवादा निवासी प्रवीण, प्रदीप व महेश को चोरी के ट्राला सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही कर जेल भेज दिया। स्थानीय पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो युवकों को गिरफ्तार किया है। स्थानीय पुलिस को सूचना मिली कि कस्बे के बसी नहर के पास बंद पड़े स्कूल के सामने दो संदिग्ध युवक घूम रहे हैं और आपराधिक घटना को अंजाम दे सकते हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मुठभेड़ के बाद दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों युवकों ने अपने नाम गांव काकड़ा निवासी साबिर पुत्र शाहिद व थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के मदीना कालोनी कच्ची सड़क निवासी बिलाल पुत्र निजामुद्दीन बताया। पुलिस ने उनके पास से एक तमंचा व कारतूस के अलावा एक चाकू बरामद किया है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध कार्यवाही कर जेल भेज दिया।

बारिश तो नहीं हुई मगर गर्मी से बचाव के लिए चेहरे को चिलचिलाती धूप से बचाती युवतियां। फोटो बुलटिप

क्षेत्र में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी , राहत के आसार

चंडीगढ़ ,19 अगस्त (वार्ता) पश्चिमोत्तर क्षेत्र में भीषण गर्मी का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा, लेकिन अगले चौबीस घंटों में गर्मी से कुछ राहत मिलने की संभावना है। मौसम केन्द्र के अनुसार क्षेत्र में अगले चौबीस घंटों में कहीं कहीं बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं। हरियाणा में अगले अड़तालीस घंटों में कहीं कहीं भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। क्षेत्र में पिछले एक माह से बहुत कम बारिश होने से अब सूखे जैसी स्थिति होने लगी है। फसलें सूखने लगी हैं। कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। पिछले चौबीस घंटों में लुधियाना में 25 मिमी तथा इक्का दुक्का जगह हल्की बारिश हुई। चिलचिलाती धूप के कारण लोग पसीने से तरबतर रहे तथा चंडीगढ़ का न्यूनतम पारा 28 डिग्री , अंबाला 26 डिग्री,हिसार 26 डिग्री, करनाल, नारनौल, बठिंडा, हलवारा, गुरदासपुर, आदमपुर का पारा क्रमशः 27 डिग्री,फरीदकोट 28 डिग्री , पटियाला 28 डिग्री , सिरसा 29 डिग्री , भिवानी 28 डिग्री , गुडगांव 25 डिग्री रहा ।

मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर जिलाबदर बदमाश को किया गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

चरथावल, १६ अगस्त (बु.)। क्षेत्र के गांव घिस्सूखेड़ा झाल पर पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने थाने से जिलाबदर, शातिर हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया, जिसके कब्जे से पुलिस ने तमंचा, जिंदा कारतूस व खोखा कारतूस बरामद किए हैं। पकड़े गये बदमाश पर गौकशी, चोरी, हत्या का प्रयास जैसे संगीन अपराधों के करीब डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया। चरथावल थाना प्रभारी महेंद्र पाल मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक बदमाश क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर चरथावल थाना प्रभारी एमपी सिंह के नेतृत्व में कुटेसरा चौकी इंचार्ज ओमेंद्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ मिलकर आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। पुलिस को देखते ही आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी करते हुऐ हिस्ट्रीशीटर बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया, जिसकी पहचान जीशान पुत्र खुर्शीद निवासी कस्बा व थाना

चरथावल के रूप में हुई, जिसके कब्जे से पुलिस ने ३९५ बोर का तमंचा, जिंदा कारतूस,खोखा कारतूस बरामद किया। चरथावल थाना प्रभारी एमपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गया बदमाश एक शातिर किस्म का अपराधी है। वह थाना चरथावल से जिला बदर भी चल रहा था, इसके विरुद्ध गौकशी, चोरी, हत्या का प्रयास जैसे संगीन अपराधों के करीब डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी को जेल भेज दिया गया।

बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा की सीबीआई जांच के आदेश

कोलकाता, 19 अगस्त (वार्ता) कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को अदालत की निगरानी में केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2021 के बाद पूरे राज्य में हुई हिंसा की जांच के आदेश दिये हैं।

अदालत की पांच न्यायाधीशों की खंडपीठ ने कहा, '' राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) समिति की रिपोर्ट के अनुसार सभी मामले व्यक्ति हत्या या महिलाओं के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास के हैं, उन्हें जांच के लिए सीबीआई को भेजा जाएगा।'' अदालत ने कहा कि राज्य सभी मामलों के रिकॉर्ड जांच के लिए सीबीआई के सपुर्द करे। उन्होंने कहा,'' मामलों की जांच एक अदालत की निगरानी में होगी और किसी के द्वारा जांच के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा पहुंचाई तो उससे गंभीरता से निपटा जाएगा।'' अदालत ने एनएचआरसी समिति द्वारा उद्धृत अन्य सभी मामलों को जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के पास भेज दिया। एसआईटी में तीन भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी सुमन बाला साहू, सौमन मित्रा और रणवीर कुमार इसका हिस्सा होंगे। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति आई पी मुखर्जी, हरीश टंडन, सौमेन सेन और सुब्रत तालुकदार की पीठ ने तीन अलग-अलग लेकिन सहमति वाले फैसले दिए। गत दो मई को तृणमूल कांग्रेस की सत्ता में आश्चर्यजनक वापसी के बाद राज्य में चुनाव बाद व्यापक हिंसा का आरोप लगाते हुए कई याचिकाकर्ताओं ने इस साल की शुरुआत में उच्च न्यायालय का रुख किया था। एनएचआरसी ने बंगाल में चुनाव बाद हिंसा की विभिन्न शिकायतों की जांच के लिए उच्च न्यायालय के निर्देश पर एक समिति का गठन किया था। चुनाव बाद हिंसा पीड़ितों ने हिंसा के अपराधियों के खिलाफ हत्या, दुष्कर्म और उनकी संपत्ति को नुकसान पहुचाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। गत 15 जुलाई को एनएचआरसी टीम ने कलकत्ता उच्च न्यायालय को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपी थी। पचास पृष्ठों की रिपोर्ट में में राज्य की स्थिति पर कानून के शासन के बजाय शासक के कानून करार दिया है। अदालत में राज्य में दुष्कर्म और हत्या जैसे गंभीर अपराधों की जांच सीबीआई को सौंपने की सिफारिश की और कहा कि मामलों की सुनवाई राज्य के बाहर की जानी चाहिए। पश्चिम बंगाल पुलिस की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता कबिल सिब्बल पेश हुए। उन्होंने न्यायालय से कहा कि एनएचआरसी की रिपोर्ट ''राजनीति से प्रेरित'' है और तथ्यों की जांच करने वाली समिति के कुछ सदस्यों के भाजपा से संबंध हैं।

हमारी सेना या नागरिकों पर तालिबान ने हमला किया तो बुरा हाल करेंगे उनका:बाइडेन

वाशिंगटन,19 अगस्त (वार्ता) अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गुरुवार को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि आतंकवादी संगठन तालिबान समूह यह अच्छी तरह जानता है कि अगर उन्होंने किसी अमेरिकी नागरिक या अमेरिकी सेना को निशाना बनाया तो अमेरिका उनकी ऐसी हालत करेगा जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं होगी। श्री बाइडेन ने एबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा,'' तालिबान को यह अच्छी तरह पता है कि अगर उन्होंने किसी अमेरिकी नागरिक या सेना को कोई नुकसान पहुंचाया तो हम उनका ऐसा बुरा हाल करेंगे जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी।''

तालिबान ने की इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान के गठन की घोषणा

काबुल, 19 अगस्त (वार्ता) तालिबान ने गुरुवार को देश के 102वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इस्लामिक अमीरात आफ अफगानिस्तान के गठन की घोषणा की। तालिबानी प्रवक्ता जबीउल्लाह मुहैद ने अपने ट्विटर एकाउंट पर